( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 ) O.I.G.S. डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2021-23

राजस्थान
# रोज़गार संदेश
(पाक्षिक)

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 44 अंक 10 Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in 1 जुलाई, 2021 फोन : 2368398 मूल्य : 2.00 वार्षिक शुल्क 40 रु

# इंश्योरेंस में करियर

- बाबूलाल जाटव

## परिचय

इंश्योरेंस या बीमा इंश्योरर और इंश्योर्ड व्यक्ति के बीच एक करार या समझौता होता है जिसके तहत इंश्योर्ड व्यक्ति मासिक या वार्षिक आधार पर प्रीमियम के तौर पर एक निश्चित राशि अदा करता है, बदले में इंश्योरर वादा करता है कि किसी मुसीबत के मामले में काफी ज्यादा राशि इंश्योर्ड व्यक्ति को अदा की जायेगी, इंश्योरेंस करवाना हमेशा अच्छा रहता है क्योंकि किसी मुसीबत की घड़ी जैसेकि, परिवार के किसी सदस्य की बीमारी के समय या फिर किसी एक्सीडेंट या चोरी के मामले में इंश्योरेंस से प्राप्त राशि से आपको काफी मदद मिल सकती है जिसकी कल्पना कोई इंसान कर सकता है। इंश्योरेंस कंपनीज के पास तकरीबन हरेक उस स्थिति के लिए अलग-अलग पॉलिसीज हैं- लाइफ इंश्योरंस व्हीकल इंश्योरेंस, हैल्थ या मेडीक्लेम इंश्योरेंस और होम इंश्योरेंस, कई सरकारी निकाय जैसेकि लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी और प्राइवेट कंपनीज जैसेकि आईसीआईसीआई प्रुडेंशल, मैक्स न्यू यॉर्क, बिरला सन लाईफ, बजाज आलियांज, टाटा एआईजी और अन्य अन्य कम्पनीज कई किस्म की इंश्योरेंस पॉलिसीज बेचती है।

## कदम-दर-कदम

एक स्टूडेंट के तौर पर, आप शायद अपनी ग्रेजुऐशन की डिग्री प्राप्त करने के बाद इंश्योरेंस को बतौर करियर अपनाना चाहे। लेकिन, बहुत कम स्टूडेन्ट्स अपनी 12वीं क्लास की पढ़ाई पूरी करने के बाद यही विषय पढना पसंद करते हैं। आजकल कई कंपनियां स्टूडेंट्स को उनकी स्कूली शिक्षा पूरी होने के बाद पार्ट-टाईम जॉब्स ऑफर करती है। लेकिन आपको यह सलाह दी जाती है कि पहले आप अपनी ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करने के बाद ही इंश्योरेंस मैनेजमेंट में अपनी मास्टर डिग्री करें ताकि आपको विषय की अच्छी समझ आ सकें।

### इंश्योरेन्स में मास्टर डिग्री के तहत निम्नलिखित कोर्स कंटेंट ऑफर किये जाते है :-

1. लाइफ एंड जनरल इंश्योरंस के सिद्धान्त और व्यवहार
2. लाइफ एंड नॉन लाइफ इंश्योरेंस डोमेन
3. इंश्योरेंस लॉ
4. लाइफ इंश्योरेंस अंडरराइटिंग और जोखिम प्रबंधन
5. इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस क्लेम्स की लायबिलिटी
6. रिइंश्योरेंस और लाईफ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स

इस स्टडी का लक्ष्य और उद्देश्य आपको इंश्योरेंस के विभिन्न पहलुओं के बारे में अच्छी तरह से परिचय देना है।

## जल्दी करें शुरु

अगर आपके पास पीपल स्किल्स, सेलिंग, स्किल्स हैं और आप लोगों कि प्रॉब्लम्स को सुलझाना चाहते है तथा उन्हें फाइनेंशल सिक्यूरिटी उपलब्ध करवाना चाहते है... तो इंश्योरेंस आपके लिए एक बिलकुल सही करियर विकल्प है। लेकिन आप केवल पैसा कमाने के लिए ही इंश्योरेंस को अपने करियर के तौर पर कभी न चुनें। इसके विपरीत, दुनिया के लिए इंश्योरेंस का वास्तविक महत्व आपको शुरू में ही समझ लेना चाहिए।

## क्या मेरे लिए यह एक सही करियर है ?

एक स्टूडेंट के तौर पर, अपने स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद या कॉलेज दिनों में अगर आपको लगता है कि आपके पास बढ़िया पीपल




स्किल्स और सेलिंग स्किल्स है तो निश्चित तौर पर इंश्योरेंस आपके लिए एक उपयुक्त कोर्स है। आप किसी मशहूर कम्पनी में एक इंश्योरेंस एजेंट या सेल्स एग्जीक्यूटिव-इंश्योरेंस के तौर पर काम कर सकते है। इस जॉब के लिए, आपको आईआरडीए/इरडा (इंश्ययोरेंस रेगुलेटरी आर्थोरिटी) द्वारा आयोजित एजेंट एग्जाम पास करना होगा। कुछ साल काम करने के बाद आप इंश्योरेंस मैनेजर के तौर पर काम कर सकते है।

### इश्योरेंस को एक करियर ऑप्शन के तौर पर अपनाने के लिए प्रमुख रूप से स्किल्स की जरूरत होती है :-

पहला स्किल - लोगों से आसानी से दोस्ती करने का गुण है।

दूसरा महत्वपूर्ण स्किल - **लोगों की प्रॉब्ल्म्स को अच्छी तरह समझना और उन्हें इंश्योरेंस की जरूरत और महत्व के बारे में समझना है।** आप लोगों को यह अच्छी तरह समझा सकते हैं कि इंश्योरेंस की वजह से लोग खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित महसूस करते है।

## इसकी क्या लागत है ?

एमबीए इंश्योरेंस प्रोग्राम की औसत वार्षिक फीस रू. 1 लाख से रू. 2 लाख तक हो सकती है जो आपकी यूनिवर्सिटी या स्कूल के चयन पर निर्भर करता है। भारत में कुछ बढ़िया इंश्योरेंस स्कूल्स है- आईसीएफएआई, एनआईए और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और कई अन्य स्कूल्स हैं जो विभिन्न डिस्टेंस एजुकेषन कोर्सेज, डिप्लोमा प्रोग्राम्स और रेगुलर कोर्सेज भी ऑफर करते है।

## फंडिंग /स्कॉलरशिप

असल में केवल इंश्योरेंस कोर्सेज के लिए अलग से लोन्स उपलब्ध नहीं करवाएं जाते है। लेकिन, पेशेवर लोग अपनी कंपनी की स्पोंसरशिप्स के माध्यम से स्टडी कर सकते है। इसी तरह, भारतीय स्टेट बैंक जैसे बैंकों के माध्यम से रू. 7.5 लाख तक एजुकेशन लोन्स उपलब्ध करवाए जाते है।

## जॉब प्रॉस्पेक्ट्स

किसी इंश्योरेंस पेशेवर के लिए जॉब प्रॉस्पेक्टस दिन-पर दिन बढ़ते जा रहे हैं। आप किसी इंश्योरेंस एजेंट के तौर पर काम कर सकते हैं और आपका प्रमुख काम लोगों को इंश्योरेंस पॉलिसीज बेचना होगा। इस काम के लिए आपको एक टारगेट अमाउंट दिया जाएगा जो आपको प्रीमियम्स के माध्यम से कमाना होगा। इसके बदले में आपकों कमीशन दिया जायेगा। अन्य जॉब्स में सेल्स मैनेजर- इंश्योरेंस शामिल हैं जिसके तहत आपको विभिन्न इंश्योरेंस अंडरराइटर/ जोखिम अंकनकर्ता के तौर पर भी जॉब कर सकते है।

## पे पैकेट

किसी इंश्योरेंस कंपनी में एक फ्रेशर को लगभग रू. 10000/- से रू. 30000/- तक पे मिल सकता है। हायर पोजीशन्स में आप रू. 1 लाख प्रत्येक माह कमा सकते हैं। अगर आपने किसी मशहूर बिजनेस स्कूल से इंश्योरेंस में मास्टर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री प्राप्त की है तो आप अपनी पहली जॉब में ही काफी अच्छी सैलरी पाने की उम्मीद कर सकते है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# भारतीय तटरक्षक

(रक्षा मंत्रालय)

नाविक (सामान्य ड्यूटी), नाविक (घरेलू शाखा) और यांत्रिक 01/2022 बैच के रूप में प्रवेश लें.

आवेदनपत्र 2 जुलाई, 2021 (10.00 बजे) से 16 जुलाई, 2021 (18.00 बजे) तक ''ऑनलाइन'' स्वीकार किए जाएंगे.



1. **पात्रता शर्तें :** भारतीय तटरक्षक, संघ के एक सशस्त्र बल में **नाविक (सामान्य ड्यूटी), नाविक (घरेलू शाखा) और यांत्रिक के पद** पर भर्ती के लिए, नीचे यथा निर्धारित शैक्षिक योग्यताएं और आयु रखने वाले **पुरुष भारतीय नागरिकों** से ऑनलाइन आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं.

2. **शैक्षिक योग्यता :**

(क) **नाविक (सामान्य ड्यूटी) :** स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) द्वारा मान्यताप्राप्त किसी शिक्षा बोर्ड से गणित और भौतिकी के साथ 10+2 उत्तीर्ण हों.

(ख) **नाविक (घरेलू शाखा) :** स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) द्वारा मान्यताप्राप्त किसी शिक्षा बोर्ड से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण हों.

(ग) **यांत्रिक :** ''स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) द्वारा **मान्यताप्राप्त किसी** शिक्षा बोर्ड से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण'' **और** ''अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित 03 या 04 वर्ष की अवधि का वैद्युत/यांत्रिक/इलेक्ट्रॉनिकी/दूरसंचार (रेडियो/पावर) **इंजीनियरी में डिप्लोमा''.**

**अथवा**

''**स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई)** द्वारा **मान्यताप्राप्त किसी** शिक्षा बोर्ड से दसवीं कक्षा और बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण'' **और** ''**अखिल भारतीय तकनीकी** शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित **02 या 03 वर्ष** की अवधि का वैद्युत/यांत्रिक/इलेक्ट्रॉनिकी/दूरसंचार (**रेडियो/पावर**) इंजीनियरी में **डिप्लोमा''.**

**टिप्पणी :** वैद्युत/यांत्रिक/इलेक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार (**रेडियो/पावर**) इंजीनियरी शाखा में **यांत्रिक संवर्ग में भर्ती के लिए** समकक्ष डिप्लोमा की सूची निम्नानुसार है :-

| वैद्युत इंजीनियरी | यांत्रिक इंजीनियरी | इलेक्ट्रॉनिकी/दूरसंचार (रेडियो/पावर) इंजीनियरी |
|---|---|---|
| वैद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिकी (पावर सिस्टम) | समुद्र इंजीनियरी/समुद्र इंजी. और सिस्टम | उच्च इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी |
| वैद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिकी इंजीनियरी | यांत्रिक इंजी. | इलेक्ट्रॉनिक-इंस्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण इंजी. |
| वैद्युत एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. | यांत्रिक इंजीनियरी (उत्पादक) | इलेक्ट्रॉनिकी इंजी. |
| वैद्युत एवं यांत्रिक इंजी. | यांत्रिक इंजीनियरी (ऑटोमोबाइल) | इलेक्ट्रॉनिकी (फाइबर ऑप्टिक्स) |
| वैद्युत इंजीनियरी | यांत्रिक इंजीनियरी (रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग) | इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरी |
| वैद्युत इंजी. (इलेक्ट्रॉनिकी एवं पावर) | यांत्रिक इंजीनियरी (रिपेयर एवं रख-रखाव) | इलेक्ट्रॉनिकी एवं वैद्युत इंजीनियरी |
| वैद्युत इंजीनियरी (औद्योगिक नियंत्रण) | उत्पादन इंजीनियरी | इलेक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार इंजीनियरी |
| वैद्युत इंजी. (इंस्ट्रूमेंटेशन एवं नियंत्रण) | पोत निर्माण इंजी. | |
| वैद्युत पावर सिस्टम इंजी. | | |

3. **आयु :** निम्नानुसार न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 22 वर्ष

(क) **नाविक (सा.ड्यू.) एवं यांत्रिक के लिए :- 01 फरवरी, 2000 और 31 जनवरी, 2004** (दोनों तारीखों सहित) के बीच का जन्म हो.

(ख) **नाविक (घ.शा.) के लिए :- 01 अप्रैल, 2000 से 31 मार्च, 2004** (दोनों तारीखों सहित) के बीच का जन्म हो.

**टिप्पणी :-** उच्च आयु-सीमा में अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 5 वर्ष और अ.पि.व. (गैर-सम्पन्न वर्ग) के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट तभी लागू होगी **यदि पद उनके लिए आरक्षित होंगे.**

4. **रिक्तियां :-** वर्गवार भर्ती के लिए पदों की संख्या निम्नानुसार है:-

| पद | अना. (सामान्य) | ईडब्ल्यूएस | अपिव | अजजा | अजा | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **नाविक (सामान्य ड्यूटी)** | 108 | 26 | 67 | 19 | 40 | **260** |
| **नाविक (घरेलू शाखा)** | 23 | 05 | 17 | 02 | 03 | **50** |
| **यांत्रिक (यांत्रिकी)** | 08 | 03 | 06 | 00 | 03 | **20** |
| **यांत्रिक (वैद्युत)** | 06 | 02 | 04 | 00 | 01 | **13** |
| **यांत्रिक (इलेक्ट्रॉनिकी)** | 06 | 01 | 00 | 00 | 00 | **07** |

**टिप्पणी :** (क) ये रिक्तियां अनंतिम हैं और प्रशिक्षण स्लॉट्स की उपलब्धता के आधार पर इनमें परिवर्तन किया जा सकता है.

(ख) सरलता के लिए, यांत्रिक (इलेक्ट्रॉनिकी)/दूरसंचार (रेडियो/पावर) को विज्ञापन में यांत्रिक (इलेक्ट्रॉनिकी) कहा जाएगा.

(ग) यदि अजा/अजजा/अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कोई भी रिक्ति आरक्षित नहीं हो, तब भी ये उम्मीदवार आवेदन कर सकते है. तथापि, वे आयु और उत्तीर्णता अंकों में रियायत/छूट आदि के पात्र नहीं होंगे, अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवार ऐसे मामलों में आवेदन शुल्क के भुगतान से मुक्त होंगे.

5. **चयन पद्धति :** भर्ती हेतु चयन चरण-I, II, III एवं IV में उम्मीदवारों के प्रदर्शन पर अखिल भारतीय मैरिट क्रम (उदाहरण नीचे दिया गया है) और पद के लिए उपलब्ध रिक्तियों पर आधारित होगा. चरण-I, II, III एवं IV में उत्तीर्ण होना और प्रशिक्षण में संतोषजनक निष्पादन आईसीजी में भर्ती के लिए अनिवार्य है. चयन पद्धति के चरण-I, II, III और IV के दौरान उम्मीदवार अनिवार्य रूप से बायोमीट्रिक, फोटो पहचान और प्रलेख सत्यापन के अधीन होंगे. विभिन्न चरणों के विवरण इस प्रकार हैं:-

(क) **चरण-I लिखित परीक्षा :-**

(क) आवेदित पद के आधार पर उम्मीदवारों को निम्नलिखित परीक्षाओं में बैठना होगा :-

| क्र. | आवेदित पद | लिखित परीक्षा | उत्तीर्णता अंक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| (i) | नाविक (घ.शा.) | भाग-I | 30 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 27 (अजा/अजजा हेतु) | |
| (ii) | नाविक (सामा ड्यूटी) | भाग (I+II) | 30+20=50 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 27+17= 44 (अजा/अजजा) | भाग-I और II में अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. |
| (iii) | यांत्रिक (वैद्युत) | भाग (I+III) | 30+20= 50 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 27+17= 44 (अजा/अजजा) | भाग I और III में अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है |
| (iv) | यांत्रिक (इलेक्ट्रॉनिकी) | भाग (I+IV) | 30+20= 50 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 27+17= 44 (अजा/अजजा) | भाग I और IV में अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है |
| (v) | यांत्रिक (यांत्रिकी) | भाग (I+V) | 30+20= 50 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 27+17= 44 (अजा/अजजा) | भाग I और V में अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है |

(ख) लिखित परीक्षा के विभिन्न भागों का विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | परीक्षा का विवरण | प्रश्नों का विषयवार आवंटन | उत्तीर्णता अंक | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| (I) | भाग-I | अधिकतम अंक-60 समय-45 मिनट प्रश्नों की कुल सं.-60 | गणित - 20 विज्ञान - 10 अंग्रेजी - 15 तर्क क्षमता - 10 सा. ज्ञान-5 | 30 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 27 (अजा/अजजा/ वर्ग के लिए) | दसवीं कक्षा का पाठ्यक्रम |
| (II) | भाग-II | अधिकतम अंक - 50 समय - 30 मिनट प्रश्नों की कुल संख्या - 50 | गणित - 25 भौतिकी - 25 | 20 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 17 (अजा/अजजा वर्ग के लिए) | 12वीं कक्षा के गणित एवं भौतिकी पाठ्यक्रम |
| (III) | भाग-III | अधिकतम अंक - 50 समय - 30 मिनट प्रश्नों की कुल संख्या - 50 | वैद्युत इंजी.-50 | 20 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 17 (अजा/अजजा वर्ग के लिए) | डिप्लोमा स्तर का वैद्युत इंजी. पाठ्यक्रम |
| (IV) | भाग-IV | अधिकतम अंक - 50 समय - 30 मिनट प्रश्नों की कुल संख्या - 50 | इलेक्ट्रॉनिकी इंजी.-50 | 20 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 17 (अजा/अजजा वर्ग के लिए) | डिप्लोमा स्तर का इलेक्ट्रॉनिकी पाठ्यक्रम |
| (V) | भाग-IV | अधिकतम अंक - 50 समय - 30 मिनट प्रश्नों की कुल संख्या - 50 | यांत्रिकी इंजी.-50 | 20 (अना/ईडब्ल्यूएस/अपिव) 17 (अजा/अजजा वर्ग के लिए) | डिप्लोमा स्तर का यांत्रिक इंजी. पाठ्यक्रम |

**टिप्पणी :-** (कक) भाग I, II, III, IV और V के लिए प्रश्न-पत्र चार विकल्पों वाले ऑब्जेक्टिव प्रकृति के होंगे. उम्मीदवार को सही विकल्प चुनना होगा. लिखित परीक्षा में गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा. भाग I, II, III, IV और V के विस्तृत पाठ्यक्रम आईसीजी की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

(कख) **मैरिट में टाइ ब्रेकिंग नियम :** यदि चरण-I में दो या अधिक उम्मीदवारों के समान अंक होते हैं तो टाइ निम्नानुसार स्टेप्स में ब्रेक किया जाएगा (जहां कहीं टाइ ब्रेक किया जाता है, अगले चरण पर नहीं बढ़ाया जाएगा):-

(ककक) भाग-I में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार [केवल नाविक (सा.ड्यू.) और यांत्रिक के लिए लागू नाविक (घ.शा.) के लिए नहीं].

(ककख) आवेदित पद के अनुसार अर्हता परीक्षा में अधिक औसत प्रतिशतता प्राप्त करने वाले उम्मीदवार [नाविक (घ.शा.) के लिए दसवीं परीक्षा, नाविक (सा. ड्यू.) के लिए बारहवीं परीक्षा और यांत्रिक के लिए डिप्लोमा]. औसत प्रतिशतता की गणना राउण्ड ऑफ किए बिना 3 दशमलव स्थानों तक की जाती है.

(ककग) अधिक आयु वाला उम्मीदवार मैरिट में ऊपर रखा जाएगा.

(ख) **चरण-II** - कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा में निष्पादन के आधार पर एक मैरिट सूची बनाई जाएगी और उपलब्ध रिक्तियों तथा आईसीजी द्वारा निर्णीत अनुपात के अनुसार चरण-II के लिए प्रवेश-पत्र जारी किए

(क्रमशः)

जाएंगे. यदि चरण-II के लिए उम्मीदवार को अल्पसूची में शामिल कर लिया जाता है तो इसे पैरा 6 (ग) (iv) और पैरा 6 (ग) (v) में यथा उल्लिखित अतिरिक्त प्रलेख अपलोड करने होंगे. चरण-II के लिए ई-प्रवेश पत्र तब तक सृजित नहीं किए जाएंगे जब तक कि उम्मीदवार आईसीजी वेबसाइट पर यथा उल्लिखित समय-अवधि के अंदर अतिरिक्त प्रलेख अपलोड नहीं कर देता. चरण-II की अवधि 1 से 2 दिनों की होगी. चरण-II में निम्नलिखित परीक्षा शामिल हैं, जो केवल उत्तीर्णता अर्थात् उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण प्रकृति की होंगी:-

(क) **शारीरिक फिटनेस परीक्षा (पीएफटी) (उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) :** पीएफटी परीक्षा उम्मीदवार अपने जोखिम पर देंगे. सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ स्पोर्ट रिग (जूते, टी-शर्ट, ट्राउजर आदि) लाएं. पीएफटी में निम्नलिखित शामिल होंगे :-

(i) 1.6 कि.मी. की दौड़ 7 मिनट में पूरी करनी होगी
(ii) 20 उठक-बैठक.
(iii) 10 पुश-अप.

**पीएफटी की तीनों परीक्षाएं बिना किसी अंतराल के एक साथ देनी होंगी. तीनों परीक्षाओं में अंतराल देने से उम्मीदवार पीएफटी में असफल माना जाएगा.**

(ख) **प्रलेख सत्यापन (उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) :** ऑनलाइन आवेदनपत्र में दी गई सभी सूचना सभी मूल प्रलेखों जैसे ग्रेड X/XII डिप्लोमा अंक तालिका/फोटो पहचान पत्र/जाति प्रमाणपत्र/वैयक्तिक विषय और कुल अंकों के समान हो. नाम, जन्म तिथि, अभिभावक के नाम, अंकों की प्रतिशतता, प्रलेखों की वैधता, जाति प्रमाणपत्र के विवरणों के संबंध में सभी प्रलेखों और आवेदनपत्र में कोई विसंगति होने पर प्रलेख. सत्यापन में असफलता मानी जाएगी और उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. **सभी प्रलेखों के जारी करने की तारीख या तो आवेदनपत्र की अंतिम तारीख या आवेदन पत्र की अंतिम तारीख से पहले की होनी चाहिए. अपलोड किए गए सभी प्रलेख कम से कम 30 अप्रैल, 22 तक वैध होने चाहिएं. आवेदनपत्र में दी गई सूचना, अपलोड किए गए प्रलेखों (ऑनलाइन आवेदन चरण-I और चरण-II में) तथा चरण-II पर भौतिकीय सत्यापन के लिए प्रस्तुत किए गए मूल प्रलेखों के समरूप नहीं होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

(ग) **प्रारंभिक चिकित्सा परीक्षा (उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण):-** चिकित्सा अधिकारी उम्मीदवारों को स्थायी रूप से अनफिट या अस्थायी से अनफिट ठहरा सकते हैं. उम्मीदवार प्रारंभिक चिकित्सा परीक्षा के निष्कर्ष पर अपील कर सकता है. अपील चिकित्सा, स्थायी अनफिट के मामले में प्रारंभिक परीक्षा पूरी होने के बाद 21 दिनों के अंदर और अस्थायी अनफिट के मामले में 42 दिनों के अंदर पूरी की जाएगी. **अपील चिकित्सा में यदि अनफिट/अनुत्तीर्ण घोषित किया जाता है तो कोई अन्य समीक्षा/अपील अनुमत नहीं है. अपील चिकित्सा के दौरान किसी सैन्य अस्पताल की विशेषज्ञ राय को छोड़कर कोई अन्य चिकित्सा फिटनेस प्रमाणपत्र अनुमत नहीं है.** प्रारंभिक चिकित्सा की वैधता केवल 6 महीनों तक है. किसी अनजान घटना जैसे कोविड महामारी या किसी अन्य परिस्थितियों के कारण यदि **भर्ती प्रक्रिया में विलंब होता है तो उम्मीदवारों को** दूसरी प्रारंभिक चिकित्सा परीक्षा देनी होगी.

(ग) **चरण-III :-** चरण-I और चरण-II में निष्पादन के **आधार पर एक** अखिल भारतीय मैरिट सूची बनाई जाएगी और उपलब्ध रिक्तियों तथा आईसीजी द्वारा यथा **निर्णीत अनुपात** के अनुसार चरण-III के लिए ई-प्रवेशपत्र (अंतिम चिकित्सा आईएनएस चिल्का में) जारी किए जाएंगे. चरण-III की अवधि 1 से 2 दिनों की होगी. चरण-III में निम्नलिखित शामिल है:-

(क) **प्रलेख सत्यापन (उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) :** ऑनलाइन आवेदनपत्र में दी गई सभी सूचना सभी मूल प्रलेखों जैसे ग्रेड X/XII डिप्लोमा अंक तालिका/फोटो पहचान पत्र/जाति प्रमाणपत्र/वैयक्तिक विषय और कुल अंकों के समान हो. नाम, जन्म तिथि, अभिभावक के नाम, अंकों की प्रतिशतता, प्रलेखों की वैधता, जाति प्रमाणपत्र के विवरणों के संबंध में सभी प्रलेखों और आवेदनपत्र में कोई विसंगति होने पर प्रलेख. सत्यापन में असफलता मानी जाएगी और उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. **सभी प्रलेखों के जारी करने की तारीख या तो आवेदनपत्र की अंतिम तारीख या आवेदन पत्र की अंतिम तारीख से पहले की होनी चाहिए. अपलोड किए गए सभी प्रलेख कम से कम 30 अप्रैल, 22 तक वैध होने चाहिएं. उम्मीदवार चरण-II में प्रलेख सत्यापन के दौरान उत्तीर्ण हो जाने पर भी चरण-III में प्रलेख सत्यापन में अनुत्तीर्ण हो सकते हैं. आवेदनपत्र में दी गई सूचना, अपलोड किए गए प्रलेखों (ऑनलाइन आवेदन चरण-I और चरण II में) तथा चरण III पर भौतिकीय सत्यापन के लिए प्रस्तुत किए गए मूल प्रलेखों के समरूप नहीं होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. प्रलेख सत्यापन के दौरान रद्दकरण के सामान्य कारण https://joinindiancoastguard.cdac.in/assets/img/downloads/doc/Reason %20for%20rejection.pdf पर देखे जा सकते हैं.**

(ख) **आईएनएस चिल्का में अंतिम चिकित्सा** [अंतिम चिकित्सा (उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) के भाग के रूप समीक्षा चिकित्सा] : सभी चयनित उम्मीदवारों की अंतिम चिकित्सा परीक्षा आईएनएस चिल्का में ली जाएगी. आईएनएस चिल्का में अंतिम चिकित्सा परीक्षा में चिकित्सा की दृष्टि से फिट नहीं पाए गए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए नामांकित नहीं किया जाएगा. आईएनएस चिल्का में अंतिम नामांकन चिकित्सा परीक्षा के बाद चिकित्सा की दृष्टि से अनफिट उम्मीदवारों को एक अपील की अनुमति होगी और निष्कर्ष के विरुद्ध अपील करने का अवसर दिया जाएगा और यदि वे चाहें तो अधिकतम 21 दिनों या आईएनएस द्वारा यथा निर्णीत अवधि के अंदर तटरक्षक द्वारा निर्णीत किसी सैन्य अस्पताल में अपील कर सकते हैं. अपील चिकित्सा परीक्षा के लिए उम्मीदवार चुने हुए सैन्य अस्पताल में अपने व्यय पर जाएंगे तथा वापस आएंगे.

(ग) **मूल प्रलेख प्रस्तुत करना, पुलिस सत्यापन और अन्य संबद्ध फार्म :-** सभी उम्मीदवार को चरण-III के ई-प्रवेश पत्र के साथ मूल प्रलेख, पुलिस सत्यापन फार्म और अन्य संबंधित फार्म प्रस्तुत करने होंगे. उम्मीदवारों के पास पुलिस सत्यापन या तो उनके अधिवास के स्थान का या उनके वर्तमान निवास-स्थान का होना चाहिए. सत्यापित पुलिस सत्यापन रिपोर्टों के बिना या प्रतिकूल टिप्पणी की रिपोर्ट वाले उम्मीदवार नामांकन के पात्र नहीं होंगे. पुलिस सत्यापन फार्म का प्रारूप वेबसाइट **https://joinindiancoastguard.cdac.in** से डाउनलोड कर सकते हैं.

(घ) **चरण-IV :** चरण-III उत्तीर्ण करने वाले और उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार मैरिट में आने वाले उम्मीदवारों को, आईएनएस चिल्का में प्रशिक्षण के लिए अनंतिम रूप से अल्पसूची में शामिल किया जाएगा. उम्मीदवार अपने सभी मूल प्रलेख जमा कराएं और सभी मूल प्रलेखों का सत्यापन भारतीय तटरक्षक द्वारा बोर्डों/विश्वविद्यालयों/राज्य सरकार के माध्यम से किया जाएगा. यदि संबंधित बोर्डों/विश्वविद्यालयों/राज्य सरकार द्वारा प्रलेख वास्तविक (सच्चे) नहीं होने की रिपोर्ट दी जाती है तो उम्मीदवार की सेवा समाप्त कर दी जाएगी.

6. **आवेदन कैसे करें :-**

(क) आवेदनपत्र **02 जुलाई, 2021 (1000 प्रातः) से 16 जुलाई 2021 (1800 बजे)** तक 'केवल ऑनलाइन' स्वीकार किए जाएंगे. उम्मीदवार **https://joinindiancoastguard.cdac.in** पर लॉग ऑन करें और ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर सहित अपना पंजीकरण कराने के लिए अनुदेशों का अनुसरण करें. उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि उनकी ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर कम से कम **30 जून 2022** तक वैध रहे.

(ख) उम्मीदवार **एक चक्र में केवल एक पद अर्थात् नाविक (घ.शा.) या नाविक (सा.ड्यू.) या यांत्रिक (यांत्रिकी) या यांत्रिक (वैद्युत) या यांत्रिक (इलेक्ट्रॉनिकी)** के लिए आवेदन कर सकता है. यदि इस विज्ञापन के संदर्भ में उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए बहु आवेदन करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. एक चुने हुए पद के लिए एक से अधिक आवेदन भेजने से भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. पात्रता के लिए ऑनलाइन आवेदनपत्र की व्यापक जांच की जाएगी और आवेदन किसी भी रूप में अपात्र पाया जाता है तो किसी भी चरण पर रद्द कर दिया जाएगा. आवेदनपत्र के संबंध में पूछताछ के लिए उम्मीदवार **icgcell@cdac.in** पर ई-मेल के माध्यम से या टेलीफोन नं.-020-25503108/020-25503109 पर सम्पर्क कर सकते हैं.

रा.रो.सं 12/2021

(ग) **आवेदन में अपलोड किए जाने वाले प्रलेख :** उम्मीदवारों को प्रलेख दो चरणों में अपलोड करने होंगे. कुछ प्रलेख ऑनलाइन आवेदन चरण पर और कुछ प्रलेख यदि चरण-II के लिए अल्पसूची में शामिल किया जाता है तो उस समय अपलोड करने होंगे. आवेदित पद के लिए उम्मीदवार यथा लागू मूल प्रलेख स्कैन करें (फोटोकॉपी या स्व-सत्यापित फोटो प्रति स्कैन नहीं करें) और ऑनलाइन आवेदन में अपलोड कर दें.

(i) **ऑनलाइन आवेदन के समय सभी उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए जाने वाले अनिवार्य प्रलेख : (कक)** पासपोर्ट आकार का नया रंगीन फोटो **(जो मई 2021 से पहले नहीं खिंचवाया गया हो)** (सिक्ख समुदाय को छोड़कर) अन्यों ने टोपी आदि न लगाई हो और सामने की आकृति हल्की पृष्ठभूमि में हो). फोटो में उम्मीदवार के सीने के सामने एक काले रंग की स्लेट हो जिस पर सफेद चॉक से उसके नाम और फोटो खिंचवाने की तारीख का उल्लेख साफ अक्षरों में हो. **(कख)** उम्मीदवार के स्कैन किए गए हस्ताक्षर की इमेज,. **(कग)** बाएं हाथ के अंगूठ के निशान की साफ स्कैन्ड इमेज, **(कघ)** जन्म-तिथि प्रमाणपत्र (दसवीं कक्षा की अंक-तालिका या जन्म प्रमाणपत्र-अंग्रेजी या हिंदी में), **(कङ)** फोटो पहचान प्रमाण (आधार कार्ड या वोटर आईडी या पासपोर्ट या पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस), **(कच)** दसवीं कक्षा की अंक तालिका, **(कछ)** दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र, **(कज)** ईडब्ल्यूएस/अजा/अजजा/अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग) प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), **(कझ)** यदि 18 वर्ष से कम आयु का उम्मीदवार आवेदन कर रहा है तो उसके अभिभावक (पिता/माता) या संरक्षक के स्कैन्ड हस्ताक्षर, **(कञ)** उम्मीदवार की हस्तलिखित घोषणा, **(कट)** यदि उम्मीदवार सेवारत सीजी कार्मिक या कोई सिविलियन आईसीजी है तो सेवा प्रमाणपत्र/अनापत्ति प्रमाणपत्र.

(ii) **ऑनलाइन आवेदन के दौरान केवल नाविक (सा.ड्यू.) उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए जाने वाले अतिरिक्त प्रलेख :-** (कक) बारहवीं कक्षा की अंक तालिका, (कख) बारहवीं कक्षा का प्रमाणपत्र.

(iii) **ऑनलाइन आवेदन के दौरान केवल यांत्रिक (यांत्रिक, वैद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिकी) उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए जाने वाले अतिरिक्त प्रलेख :-** (कक) बारहवीं कक्षा की अंक तालिका (यदि पूरी हो गई हो), (कख) बारहवीं कक्षा प्रमाणपत्र (यदि पूरी हो गई हो).

(iv) **यदि चरण-II के लिए अल्पसूची में शामिल किया जाता है तो अपलोड किए जाने वाले प्रलेख :** यदि उम्मीदवार को भर्ती-पद्धति के चरण-II के लिए अल्पसूची में शामिल किया जाता है तो उसे आवेदित पद के अनुसार निम्नलिखित प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे :-

**(कक) सभी उम्मीदवार :** (ककक) दसवीं कक्षा के लिए सीजीपीए/ग्रेड को प्रतिशतता में बदलने का सिद्धांत, यदि लागू हो, **(ककख)** यदि उम्मीदवार सेवारत है तो सरकारी संगठन से अनापत्ति प्रमाणपत्र, (ककग) दसवीं कक्षा की अतिरिक्त **अंक** तालिका (यदि लागू हो).

**(कख)** नाविक **(सा.ड्यू.) उम्मीदवार :** (ककक) बारहवीं कक्षा के लिए सीजीपीए/ग्रेड को प्रतिशतता में बदलने का सिद्धांत (**यदि लागू हो**), (ककख) बारहवीं कक्षा की अतिरिक्त अंक तालिका (यदि लागू हो).

**(कग) यांत्रिक उम्मीदवार :-** (ककक) बारहवीं कक्षा के लिए सीजीपीए/ग्रेड को प्रतिशतता में बदलने का सिद्धांत (यदि लागू हो), (ककख) बारहवीं कक्षा की अतिरिक्त अंक तालिका (यदि लागू हो), (ककग) डिप्लोमा के सभी वर्षों/सैमेस्टरों की अंक-तालिका, (ककघ) डिप्लोमा के लिए सीजीपीए/ग्रेड को प्रतिशतता में बदलने का सिद्धांत, (ककङ) डिप्लोमा उत्तीर्णता प्रमाणपत्र.

(v) **यदि उम्मीदवार को चरण-II के लिए अल्पसूची में शामिल किया जाता है तो उसके द्वारा अपलोड किए जाने वाले वैकल्पिक प्रलेखों की सूची :-** (कक) चयनित खेल के संबंध में दक्षता/उपलब्धि के अनुसार खेल प्रमाणपत्र, (कख) तट रक्षक के मृत कार्मिक का मृत्यु प्रमाणपत्र (यदि उम्मीदवार सीजी कार्मिक का पुत्र है) जिसकी मृत्यु सेवा पर आरोप्य नहीं है, यदि लागू हो, (कग) तट रक्षक के मृत कार्मिक का मृत्यु **प्रमाणपत्र** (यदि उम्मीदवार सीजी कार्मिक का पुत्र है) जिसकी मृत्यु सेवा पर आरोप्य है, यदि लागू हो, (कघ) एनसीसी प्रमाणपत्र ('ए'/'बी'/'सी') यदि लागू हो.

**टिप्पणी :** (कक) यदि अजा/अजजा/अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस के उम्मीदवार अपना संबंधित कोटा ले रहे हों तो उन्हें ऑनलाइन **आवेदनपत्र** में अपना वह वर्तमान या स्थायी पता देना चाहिए जो पता जाति/वर्ग प्रमाणपत्र (अजा/अजजा एवं अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग) में उल्लिखित है. ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र **भारत सरकार के प्रारूप** के अनुसार होना चाहिए **(कोई अन्य प्रारूप स्वीकार नहीं किया जाएगा).** (प्रारूप आईसीजी वेबसाइट पर **उपलब्ध है**). इसके अतिरिक्त अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग) प्रमाणपत्र भारत सरकार के अधीन पदों पर **नियुक्ति के लिए** प्रारूप के अनुसार होना चाहिए और परवर्ती ऑनलाइन सत्यापन के लिए उसमें क्यूआर/बार कोड अंकित होना चाहिए. अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग) प्रमाणपत्र आईसीजी की वेबसाइट पर उपलब्ध है **(कोई अन्य प्रारूप स्वीकार नहीं किया** जाएगा). कोई अन्य प्रारूप उम्मीदवारी को रद्द कर देगा.

(कख) अपलोड किए जाने वाले सभी प्रलखों का आकार 10केबी से 100केबी के बीच होना चाहिए.

(कग) अपलोड किए जाने वाले सभी प्रलेख (अजा/अजजा/अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस/अंक तालिका/शैक्षिक प्रमाणपत्र) **जारी करने की तारीख 16 जुलाई, 2021** या 16 जुलाई, 2021 से पहले की कोई तारीख होनी चाहिए **और सभी प्रलेखों की वैधता** प्रलेख सत्यापन के दौरान कम से कम **30 अप्रैल, 2022 तक** होनी चाहिए.

(कघ) अपलोड किए गए सभी प्रलेख **हिंदी या अंग्रेजी** में होने चाहिएं. यदि प्रलेख अंग्रेजी या हिंदी से भिन्न किसी अन्य भाषा में हैं तो मूल प्रलेख और प्रलेख का अंग्रेजी अनुवाद अपलोड करें.

(घ) **परीक्षा-शुल्क :** उम्मीदवारों (अजा/अजजा उम्मीदवारों को छोड़कर, जो शुल्क का भुगतान करने से मुक्त हैं) को नेट बैंकिंग का उपयोग करके या वीसा/मास्टर/माएस्ट्रो/रूपे क्रेडिट/डेबिट कार्ड/यूपीआई के माध्यम से रु. **250/- (दो सौ पचास रुपए)** मात्र के शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा. **परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र केवल उन उम्मीदवारों को जारी किए जाएंगे, जिन्होंने परीक्षा शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक किया है और जो परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट के पात्र हैं.**

**टिप्पणी** (i) भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में न तो वापस किया जाएगा और शुल्क न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए सुरक्षित रखा जाएगा.

(ii) अजा/अजजा के उम्मीदवार परीक्षा शुल्क से छूट के पात्र हैं. यदि यह पाया जाता है कि परीक्षा शुल्क से छूट/अन्य यथा लागू रियायतें प्राप्त करने के लिए झूठा अजा/अजजा प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है तो भर्ती के किसी भी चरण/प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवार को बर्खास्त/रद्द कर दिया जाएगा.

(iii) उम्मीदवार द्वारा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है और उसके खाते से राशि काट ली गई है (अर्थात् असफल भुगतान) तो जांच कर लें कि क्या शुल्क ट्रांजेक्शन खाते में स्वतः आ गया है या राशि आपके खाते में स्वतः वापस आने के लिए 15 कार्य-दिवसों तक प्रतीक्षा करें ऑरिजिनेटिंग खाते में ट्रांजेक्शन-स्थिति की जांच करें.

(iv) यदि एक आवेदन के लिए उम्मीदवार से एक से अधिक भुगतान प्राप्त होते हैं तो ऐसा भुगतान पंजीकरण बंद होने और सभी भुगतान रिकॉर्डों का संशोधन करने के बाद उम्मीदवार के खाते में वापस भेज दिया जाएगा.

(ङ) **परीक्षा के शहर :-** चरण-I और II प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों को परीक्षा शहर की पांच पसंद देनी होंगी. उम्मीदवार अपनी पहली पसंद अपने वर्तमान/पत्र व्यवहार के निवास के 30 कि.मी. के अंदर के परीक्षा-शहर को भरें. यदि वर्तमान पते के स्थान के 30 कि.मी. के अंदर कोई ''परीक्षा शहर'' नहीं है तो वर्तमान पते से निकटतम परीक्षा केंद्र उम्मीदवार की पहली पसंद होगी.

**टिप्पणी :** यदि उम्मीदवार उक्तानुसार पहली पसंद के केंद्र का पालन नहीं करते हैं तो प्रलेख सत्यापन के दौरान यह प्रतिकूल पाए जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

(च) भारतीय तटरक्षक उम्मीदवारों को चरण-I (लिखित परीक्षा) और चरण-II (पीएफटी/चिकित्सा) के लिए वह परीक्षा शहर आवंटित करने का अधिकार रखता है जो उम्मीदवार की पसंद के अनुसार हो अथवा नहीं.

**टिप्पणी :** उम्मीदवार द्वारा पैरा 6 का पालन नहीं किए जाने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

(क्रमशः)

7. **परीक्षा और ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की अनंतिम अनुसूची परीक्षा की अनंतिम तारीखें निम्नानुसार हैं:-**

| परीक्षा की अनंतिम तारीखें | | | |
|---|---|---|---|
| संवर्ग | चरण-I | चरण-II | चरण-III |
| नाविक (सा.ड्यू.) | सितम्बर 2021 का मध्य/अंत | अक्तूबर 2021 का मध्य/अंत | फरवरी 2022 के प्रारंभ में |
| नाविक (घ.शा.) | सितम्बर 2021 का मध्य/अंत | अक्तूबर 2021 का मध्य/अंत | अप्रैल 2022 के प्रारंभ में |
| यांत्रिक | सितम्बर 2021 का मध्य/अंत | अक्तूबर 2021 का मध्य/अंत | फरवरी 2022 के प्रारंभ में |

**टिप्पणी :** आईसीजी उन तारीखों की घोषणा करेगी जिन तारीखों को चरण-I, II और III के ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होंगे. उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे वेबसाइट नियमित रूप से देखें और विभिन्न चरणों के ई-प्रवेश डाउनलोड करने के लिए लॉगिन करें. उम्मीदवारों को ऐसा कोई ई-मेल नहीं भेजा जाएगा कि ''ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए कब उपलब्ध होंगे. चरण-I से कम से कम 10 दिन पहले उम्मीदवारों के लॉगिन पर परीक्षा शहर प्रदर्शित किए जाएंगे. ई-प्रवेश पत्र और वास्तविक परीक्षा केंद्र का पता उम्मीदवार के लॉगिन पर उपलब्ध होगा और परीक्षा से केवल 2-3 दिन पहले पंजीकृत ई-मेल पर ई-मेल भेजी जाएगी. ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने और विभिन्न भर्ती चरणों में रिपोर्ट करने में असफल रहने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. **चरण-I, II और III के लिए ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के संबंध में वेबसाइट पर महत्वपूर्ण भर्ती पत्र-व्यवहार की नियमित रूप से जांच करने में उम्मीदवार यदि असफल रहते हैं तो आईसीजी इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा.''**

8. **परिणाम की घोषणा :** चरण-I से लेकर चरण-III तक की विभिन्न चयन पद्धतियों के प्रत्येक चरण के परिणाम आईसीजी की वेबसाइट पर उम्मीदवार के खाते पर लॉगिन करके प्राप्त किए जा सकते हैं. चरण-I पर ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम अनंतिम रूप से 30 दिन पहले घोषित किए जाएंगे.

9. **प्रत्येक चरण पर अपेक्षित प्रलेखों की सूची :**

**चरण-I** (क) ई-प्रवेश पत्र (चरण-I) का रंगीन प्रिंटआउट, (ख) आवेदनपत्र पर यथा उल्लिखित फोटो पहचान पत्र, (ग) अजा/अजजा के उम्मीदवार मूल जाति प्रमाणपत्र और अजा/अजजा प्रमाणपत्र की दो स्व-सत्यापित प्रतियां, ट्रेन/बस के मूल टिकट, नेफ्ट भुगतान हेतु एक कैन्सल्ड चेक तथा **डाउनलोड किए गए यात्रा-फार्म** यात्रा भत्ते के दावे के लिए अपने साथ लाएं.

**चरण-II** (क) ऑनलाइन आवेदनपत्र चरण-I और II के ई-प्रवेश पत्र के रंगीन प्रिंट आउट (ख) आवेदनपत्र पर यथा उल्लिखित फोटो पहचान पत्र, (ग) आवेदनपत्र में प्रस्तुत मूल प्रमाणपत्र तथा चरण-II के लिए अल्पसूची में शामिल किए जाने के बाद उम्मीदवार की लॉगिन, (घ) सभी मूल प्रलेखों की 3 स्व-सत्यापित प्रतियां, (ङ) आवेदनपत्र में प्रस्तुत किए गए पासपोर्ट आकार के फोटो की 20 रंगीन प्रतियां, (च) वर्तमान में यदि उम्मीदवार किसी सरकारी संगठन में सेवारत है तो नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र की मूल और 4 स्व-सत्यापित प्रतियां (यदि लागू हो).

**चरण-III** (क) ऑनलाइन आवेदनपत्र, चरण-I, II और III के ई प्रवेश-पत्र के रंगीन प्रिंट आउट, (ख) आवेदनपत्र में यथा प्रस्तुत मूल प्रलेख और चरण-II के लिए अल्पसूची में शामिल किए जाने के बाद उम्मीदवार की लॉगिन, (ग) सभी मूल प्रलेखों की 3 स्व-सत्यापित फोटो प्रतियां, (घ) आवेदनपत्र में प्रस्तुत पासपोर्ट आकार के फोटो की 30 रंगीन प्रतिया, (ङ) 3.5 सें.मी. x 2.5 सें.मी. आकार के रंगीन फोटो-जिनकी पृष्ठभूमि नीली हो (10 फोटो), (च) अभिभावक इच्छा प्रमाणपत्र (एक मूल और 02 जीरोक्स प्रतियां), (छ) पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (एक मूल और 02 जीरोक्स प्रतियां), (ज) परिवार विवरण प्रमाणपत्र (एक मूल और 02 जीरोक्स प्रतियां), (झ) चरित्र प्रमाणपत्र (एक मूल और 02 जीरोक्स प्रतियां), (ञ) इच्छा प्रमाणपत्र (एक मूल और 02 जीरोक्स प्रतियां), (ट) अटैस्टेशन फार्म (संवर्ग के नाम सहित), (तीन प्रतियां-मूल), (ठ) आधार कार्ड (एक मूल और 07 जीरोक्स प्रतियां), (ड) पैन कार्ड- (एक प्रति और 07 जीरोक्स प्रतियां), (ढ) अनापत्ति प्रमाणपत्र-मूल और 04 स्व-सत्यापित प्रतियां-वे उम्मीदवार अपने नियोक्ता से प्रस्तुत करें, जो वर्तमान में किसी सरकारी संगठन में सेवारत हैं (यदि लागू हो), (ण) आवेदनपत्र में यथा उल्लिखित फोटो पहचान पत्र.

**टिप्पणी : (i)** चरण-III के क्र.सं. (च) से (ट) तक के प्रारूप **आईसीजी की वेबसाइट** पर उपलब्ध हैं.

(ii) **चरण-I, II और III के दौरान उक्त प्रलेख (चरण-I के क्र.सं. (ग) और चरण-III के क्र.सं. (ठ) और (ड) को छोड़कर) प्रस्तुत करने में असफल रहने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. अजा/अजजा/अपिव (गैर सम्पन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र हमेशा देने होंगे. (यदि लागू हो)**

(iii) सभी फोटोप्रतियां स्व-हस्ताक्षर द्वारा स्व-सत्यापित हों. फोटोप्रतियों पर उम्मीदवारों का **नाम और रोल नंबर** का भी विवरण हो.

10. **चिकित्सा मानक :**

(क) चिकित्सा परीक्षा एंट्री पर नामांकित कार्मिकों पर लागू वर्तमान विनियमों में निर्धारित चिकित्सा मानकों के अनुसार अधिकृत चिकित्सा डॉक्टरों द्वारा संचालित की जाएगी.

(ख) **ऊंचाई :** न्यूनतम ऊंचाई 157 सें.मी. ऊंचाई मानक असम, नागालैंड, मिज़ोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गढ़वाल, सिक्किम और अंडमान एवं नीकोबार द्वीप समूह के अधिवासी उम्मीदवारों के लिए 157 सें.मी. से नीचे 5 सें.मी. तक कम किए जा सकते हैं.

(ग) **सीना :** समानुपात में होना चाहिए. न्यूनतम फुलाव-क्षमता 5 सें.मी.

(घ) **भार :-** ऊंचाई और आयु के समानुपात में हो. 10 प्रतिशत अधिक-कम स्वीकार्य है.

(ङ) **श्रवण-क्षमता-सामान्य**

**टिप्पणी :** (i) : उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चिकित्सा परीक्षा से पहले अपने कानों से मैल निकलवा लें और दांतों से टार्टर हटवा लें. (ii) ऊंचाई में छूट प्राप्त करने वाले उम्मीदवार चिकित्सा अधिकारी को अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें. अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल रहने पर ऊंचाई में छूट नहीं दी जाएगी.

(च) **टैटू :** शरीर के किसी भी हिस्से में स्थाई शरीर टैटू की अनुमति नहीं है. यद्यपि, भारत सरकार द्वारा यथा घोषित जनजातीय क्षेत्रों के समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों के लिये कुछेक रियायतों की अनुमति है. अन्य उम्मीदवारों के लिये स्थाई शरीर टैटू की केवल ईनर फेस अथवा फोरआर्म्स पर अनुमति है अर्थात कुहनी से अंदर से कलाई के अंत तक हथेली के उलटी तरफ/हाथ के पीछे की तरफ (डोर्सल) तक. इस संबंध में विवरण भारतीय तटरक्षक भर्ती वेबसाइटः **https://joinindiancoastguard.cdac.in** पर उपलब्ध है.

**टिप्पणी :** चयन के लिये केवल उपर्युक्त चिकित्सा मानकों वाले उम्मीदवारों को उपस्थित होना है. उपर्युक्त मानदंड में कोई छूट नहीं दी जायेगी. (सा.ड्यू./घ.शा.) और यांत्रिक नाविकों के चिकित्सा मानदंडों पर तटरक्षक का आदेश अंतिम प्राधिकार होगा. **भारतीय तटरक्षक में समान एंट्री के लिये पूर्व की किसी भर्ती में किसी सशस्त्र सेना अस्पताल द्वारा चिकित्सा की दृष्टि से स्थाई तौर पर अयोग्य घोषित आवेदकों को आवेदन न करने की सलाह दी जाती है.**

11. **प्रशिक्षण.** बुनियादी प्रशिक्षण नाविक (सामान्य ड्यूटी) तथा यांत्रिक के लिए फरवरी, 2022 में तथा नाविक (घरेलू शाखा) के लिए अप्रैल, 2022 में आईएनएस चिल्का में आरंभ होगा, इसके बाद समुद्री प्रशिक्षण और आबंटित ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जायेगा. शाखा/ट्रेड का आबंटन सेवा की आवश्यकता और बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान कार्य निष्पादन के आधार पर किया जायेगा. **प्रशिक्षण के दौरान नाविकों (सामा.ड्यू./घ.शा.)/यांत्रिक को किसी भी समय उनकी प्रगति (शैक्षिक सहित) या आचरण असंतोषजनक होने के कारण अनुपयुक्त के तौर पर डिस्चार्ज किया जा सकता है. भर्ती के किसी भी चरण पर उनके ऑनलाइन आवेदन या प्रलेख गलत पाए जाते हैं तो प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के किसी भी चरण पर हटाया जा सकता है.**

12. **सामान्य अनुदेश : (उम्मीदवारों द्वारा पालन किया जाए अन्यथा उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी)**

(क) किसी अन्य सेवा प्रशिक्षण स्थापनाओं से अनुशासनात्मक आधार पर लौटाये गये उम्मीदवार उपस्थित होने के पात्र नहीं हैं.

(ख) उम्मीदवार की गिरफ्तारी, दोषसिद्धि अथवा उस पर आपराधिक आरोपों में मुकदमा नहीं हुआ होना चाहिये. जो उम्मीदवार आपराधिक कार्रवाई के अधीन हैं वे इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन करने से वंचित होंगे.

(ग) **चरण-II के समय प्रस्तुत किए गए सभी मूल प्रमाणपत्र और अंक तालिकाएं सत्यापन के बाद उम्मीदवारों को वापस कर दी जाएंगी. चरण-III के समय प्रस्तुत सभी मूल प्रमाणपत्र और अंक तालिकाएं यदि चरण-III में उत्तीर्ण होते है तो, आईसीजी द्वारा अपने पास रखी जाएंगी अन्यथा असफल होते हैं तो सत्यापन के बाद वापस कर दी जाएगी.**

(घ) **उम्मीदवार का एक खास बैच से संबंधित चयन केवल उसी बैच के लिये वैध है. अर्ह उम्मीदवार जिनके नाम अंतिम चयन सूची में शामिल नहीं होते हैं वे अगले बैच में प्रवेश के लिये दावा नहीं कर सकते हैं. इन उम्मीदवारों को नये सिरे से चयन प्रक्रिया में शामिल होना होगा बशर्ते कि वे यथा निर्धारित नियमों और विनियम के अनुसार नये बैच के लिये पात्रता मानदंड को पूरा करते हों.**

(ङ) डाक से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

(च) चरण-III के लिए ई-प्रवेश पत्र केवल चरण-II पर प्रारंभिक चिकित्सा उत्तीर्ण करने वाले तथा रिक्तियों के अनुसार मैरिट में उनके स्थान के अनुसार अर्हक उम्मीदवारों को जारी किया जायेगा. ऐसे उम्मीदवारों को अपने स्वयं के खर्च पर प्रशिक्षण स्थापना आईएनएस चिल्का में पहुंचना होगा. असफल उम्मीदवारों को अलग से सूचित नहीं किया जायेगा.

(छ) **30 जून, 2022 के बाद भर्ती/एनरॉलमेंट के संबंध में किसी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.**

(ज) परीक्षा की प्रक्रियाओं के दौरान नकल करने/गलत तरीके अपनाने आदि सहित अनुशासन विरुद्ध गतिविधियों के परिणामस्वरूप उम्मीदवार अयोग्य ठहराया जा सकता है. नकल करने/गलत तरीके अपनाने के संबंध में आईसीजी का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकर होगा.

(झ) आवेदन-पत्र और मूल दस्तावेजों की आगे पात्रता के लिए एनरॉलमेंट से पूर्व जांच की जाएगी और यदि भर्ती के किसी भी चरण में किसी भी प्रकार से अपात्र पाया जाता है तो इन्हें सेवा में आने के बाद भी नामंजूर किया जा सकता है.

(ञ) **सरकार/अभातशिप से गैर मान्यता प्राप्त ''ओपन स्कूल्स'' संस्थानों से उम्मीदवार पात्र नहीं हैं.**

(ट) **उम्मीदवारों** को परीक्षा शहर का आबंटन आवेदनपत्र में दी गई वरीयता के अनुसार किया जाएगा तथा जिन्होंने **भुगतान सफलतापूर्वक** करके (अजा/अजजा के उम्मीदवारों को छोड़कर, जो शुल्क के भुगतान से मुक्त हैं) आवेदनपत्र **सफलतापूर्वक** प्रस्तुत किया है. यदि एक परीक्षा शहर के लिए अधिक संख्या में उम्मीदवार आवेदन करते हैं तो तटरक्षक **उम्मीदवार** को कोई ऐसा अन्य परीक्षा शहर आबंटित करने का अधिकार रखता है जो उम्मीदवार की वरीयता सूची में हो अथवा नहीं.

(ठ) तटरक्षक एक केन्द पर **परीक्षा** रद्द करने और परीक्षा किसी अन्य तारीख को और अन्य केंद्र पर अंतरित करने का अधिकार रखता है.

(ड) भारतीय तटरक्षक, कोई कारण **बताए** बिना भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर इस बैच की सम्पूर्ण भर्ती रद्द करने का अधिकार रखता **है.**

(ढ) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन **और** अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग की अनुमति नहीं है. तटरक्षक ऐसे उपकरणों को रखना अनुचित साधनों का प्रयोग करना मानता है. चरण-I, II, और III के दौरान उम्मीदवार के पास मोबाइल, ब्लूटुथ, कोई अन्य स्कैनिंग उपकरण पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उस पर एफआईआर दायर करने सहित विधि के अनुसार तत्काल कार्रवाई शुरू की जाएगी.

(ण) **भारतीय** तटरक्षक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित किसी भी सामान के सुरक्षित रखने की गारंटी नहीं ले सकता. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा शुरू होने और बायोमीट्रिक पंजीकरण प्रक्रिया के उपरांत शौचालय जाने अथवा किसी भी कारण से परीक्षा केंद्र/हाल को छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(त) परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले **सभी** उम्मीदवारों की अच्छी तरह से जांच की जाएगी.

(थ) सभी उम्मीदवारों से **अनुरोध है** कि वे सतर्क रहें और किसी भी उम्मीदवार की संदिग्ध कार्रवाई की सूचना तत्काल पर्यवेक्षक **को दें.**

(द) सफल **ऑनलाइन** पंजीकरण के लिए उम्मीदवार के पास वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल फोन होना चाहिए. आईसीजी द्वारा उम्मीदवारों के साथ पत्रव्यवहार केवल ई-मेल, मोबाइल और आईसीजी वेबसाइट एसएमएस के माध्यम से किया जाएगा. भर्ती प्रक्रिया में किसी भी परिवर्तन के संबंध में उम्मीदवार आईसीजी की वेबसाइट और ई-मेल नियमित रूप से देखते रहें. ई-मेल और आईसीजी वेबसाइट को नियमित रूप से जांच करने में असफल रहने पर हो सकता है कि उम्मीदवार विभिन्न भर्ती चरणों पर रिपोर्ट न कर सकें और उनकी उम्मीदवारी रद्द हो सकती है. **ई-मेल एवं आईसीजी भर्ती वेबसाइट पर प्रकाशित अद्यतन सूचना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. ई-मेल और वेबसाइट पर महत्वपूर्ण भर्ती सूचना की नियमित रूप से जांच करने में असफल रहने पर आईसीजी जिम्मेदार नहीं होगा.**

(ध) उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदनपत्र ध्यान से भरें और आवेदन प्रस्तुत करने के बाद उसमें किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी.

(न) उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे जाति के विवरण (अजा/अजजा/अपिव (गैर-सम्पन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस) लागू अनुसार ध्यानपूर्वक भरें और आवेदन प्रस्तुत करने के बाद उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी. विगत में कुछ उम्मीदवारों ने आवेदनपत्र में जाति गलती से गलत घोषित करने के बाद तटरक्षक को अनुरोध किया था कि उन्हें लिखित परीक्षा में सामान्य उम्मीदवार के रूप में बैठने की अनुमति दी जाए. उम्मीदवार द्वारा आवेदनपत्र में गलत घोषणा के आधार पर ऐसी अनुमति नहीं दी जाती है और भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर, यहां तक कि सेवा में भर्ती के बाद भी उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

(प) उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख की प्रतीक्षा किए बिना समय से पहले आवेदन कर दें.

(फ) चरण-I, II और III के लिए ई-प्रवेशपत्र में उल्लिखित तारीख को और समय पर उपस्थित होने में असफल रहने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

(ब) भर्ती-प्रक्रिया के दौरान छद्म रूप धारण करने/कराने को भारतीय तटरक्षक गंभीरता से लेता है. उम्मीदवार और जाली उम्मीदवार-दोनों के विरुद्ध एफआईआर/आपराधिक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी.

(भ) परीक्षा परिसर में कोई उम्मीदवार किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं करे या अनुचित स्थिति पैदा न करे. **किसी भी रूप में दुर्व्यवहार करने वाले उम्मीदवार आईसीजी की वर्तमान और भावी परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिए जाएंगे.** ऑनलाइन परीक्षा (चरण-I), पीएफटी/परीक्षा पुनर्निर्धारण/प्रारंभिक चिकित्सा (चरण-II), आईएनएस चिल्का में अंतिम चिकित्सा (चरण-III), मूल प्रलेखों का सत्यापन (चरण-IV) आदि में प्रवेश के लिए किसी उम्मीदवार की पात्रता या अन्यथा पर भारतीय तटरक्षक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकर होगा. **जिन उम्मीदवारों की उम्मीदवारी सीजीईपीटी 02/2021 तथा पिछले बैचों में कदाचार/दुर्व्यवहार के कारण रद्द की गई थी वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.**

(कक) अंतिम तारीख तक या भारतीय तटरक्षक के नियंत्रण से बाहर किसी कारण से आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ उम्मीदवारों के लिए भारतीय तटरक्षक कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा.

(कख) उम्मीदवार नोट कर लें कि परीक्षा में उनका प्रवेश, आवेदनपत्र में उनके द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पूर्णतः अनंतिम है. वे भारतीय तटरक्षक द्वारा सभी पात्रता-शर्तों के सत्यापन के अधीन होंगे. किसी उम्मीदवार को प्रवेश-पत्र जारी करने मात्र का यह अर्थ नहीं होगा कि भारतीय तटरक्षक द्वारा उसकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप से मान लिया गया है या प्रारंभिक परीक्षा के लिए उम्मीदवार द्वारा उसके आवेदनपत्र में की गई प्रविष्टियों को भारतीय तटरक्षक ने सत्य और सही स्वीकार कर लिया है. उम्मीदवार नोट कर लें कि भारतीय तटरक्षक

(शेष पृष्ठ 7 पर)

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय

# एएससी सेंटर (दक्षिणी)–2 एटीसी

## रोज़गार सूचना

1. निम्नांकित पदों के लिए अपेक्षित अर्हताएं/विशिष्टताएं पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से केवल निर्धारित प्रारूप में सादे कागज पर विधिवत टंकित या स्पष्ट हस्तलिखित आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं. विधिवत स्व-सत्यापित अपेक्षित सभी प्रलेखों सहित उपयुक्त डाक टिकट चिपके स्वपता लिखित पंजीकृत लिफाफे के साथ सभी तरीके से पूर्ण आवेदन **पीठासीन अधिकारी, सिविलियन सीधी भर्ती बोर्ड, सीएचक्यू, एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी, अग्रम पोस्ट, बंगलौर-07 के पते पर भेजना चाहिए.**

| पदों के नाम एवं पे मैट्रिक्स में पे लेवल | पे मैट्रिक्स लेवल | पदों की सं. | श्रेणीवार वितरण (जहां लागू है) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | शावि | एमएसपी | भू.पू.सै. |
| **सिविल मोटर ड्राइवर** (रु. 19900/- + 3 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि एवं महंगाई भत्ता देय अनुसार) | 2 | 42 | 12 | 06 | 03 | 11 | 04 | - | 02 | 04 |
| **सफाईकर्मी** (रु. 18000/- + 3 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि एवं महंगाई भत्ता देय अनुसार) | 1 | 40 | 11 | 06 | 03 | 10 | 04 | - | 02 | 04 |
| **रसोइया** (रु. 19900/- +3 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि एवं महंगाई भत्ता देय अनुसार) | 2 | 15 | 07 | 02 | 01 | 04 | - | - | - | 01 |
| **सिविल भोजन-प्रबंध अनुदेशक** (रु. 19900/- +3 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि एवं महंगाई भत्ता देय अनुसार) | 2 | 03 | 02 | - | - | 01 | - | - | - | - |
| कुल | | 100 | 32 | 14 | 07 | 26 | 08 | - | 04 | 09 |

2. उपरोक्त रिक्तियों की संख्या अनंतिम है. **कमांडेंट, एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी, डाक- अग्रम, बंगलौर-07** आवश्यक होने पर रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. आवेदकों के सूचनार्थ स्थान वार रिक्तियां निम्नवत होंगी :-

| क्रम. सं. | पदों के नाम | रिक्तियों की सं. | स्थान के नाम |
|---|---|---|---|
| (क) | सिविल मोटर ड्राइवर | 20 | खप्रैल्स |
| | | 22 | मिल्सामारी |
| | कुल | 42 | |
| (ख) | सफाईकर्मी | 02 | बीडी बारी |
| | | 08 | भटिंडा |
| | | 01 | चेन्नै |
| | | 02 | जालंधर |
| | | 02 | जोधपुर |
| | | 10 | कालका |
| | | 04 | खप्रैल्स |
| | | 01 | मथुरा |
| | | 10 | पठानकोट |
| | कुल | 40 | |
| (ग) | रसोइया | 2 | पुणे |
| | | 1 | बेंगडूबी |
| | | 2 | भटिंडा |
| | | 1 | चंडीमंदिर |
| | | 1 | मुंबई |
| | | 1 | नई दिल्ली |
| | | 1 | पठानकोट |
| | | 6 | बंगलौर |
| | कुल | 15 | |
| (घ) | सिविल भोजन-प्रबंध अनुदेशक | 3 | बंगलौर |
| | कुल | 03 | |
| | कुल योग | 100 | |

3. पात्रता शर्तें नीचे दी गयी हैं :

| क्रम सं. | विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| (क) | अर्हता | **सिविल मोटर ड्राइवर**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं कक्षा या समतुल्य उत्तीर्ण.<br>(ii) भारी और हल्के दोनों मोटर वाहनों की वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखनी चाहिए.<br>(iii) मोटर वाहन चलाने में कम-से-कम 2 वर्ष का अनुभव रखना चाहिए.<br>(iv) मोटर यांत्रिकी का ज्ञान (वाहनों में छोटी-मोटी खराबियों को दूर करना आना चाहिए). |
| (ख) | | **सफाईकर्मी**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं कक्षा या समतुल्य उत्तीर्ण.<br>(ii) ट्रेड में कुशल होना चाहिए. |
| (ग) | | **रसोइया**<br>(i) मैट्रिक या समतुल्य.<br>(ii) भारतीय भोजन पकाने की जानकारी और ट्रेड में कुशलता रखनी चाहिए.<br>(iii) ट्रेड में एक वर्ष के अनुभव वांछनीय होंगे. |
| (घ) | | **सिविल भोजन-प्रबंध अनुदेशक**<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं कक्षा या समतुल्य उत्तीर्ण.<br>(ii) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से भोजन-प्रबंध में डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र.<br>(iii) भोजन-प्रबंध अनुदेशक के रूप में एक वर्ष के कार्य अनुभव वांछनीय होंगे. |
| (च) | आयु-सीमा | 18 से 25 वर्ष की आयु के बीच.<br>**आयु सीमा में छूट :**<br>(i) इस संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा वर्तमान सरकारी नियमों के अनुसार सरकारी सेवकों और भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए शिथिलनीय होगी.<br>(ii) आरक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले अजा/अजजा उम्मीदवारों हेतु आयु में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी. अपिव (गैर क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को आयु में 3 वर्ष की छूट दी जाएगी.<br>(iii) विकलांग उम्मीदवारों हेतु अना श्रेणी के अंतर्गत 10 वर्ष, अपिव (गैर क्रीमी लेयर) श्रेणी को 13 वर्ष एवं अजा/अजजा श्रेणी को 15 वर्ष की छूट.<br>(iv) अनारक्षित पदों के संदर्भ में आवेदन करने वाले अजा/ अजजा/ अपिव उम्मीदवारों को अजा/ अजजा/ अपिव हेतु देय आयु में और अन्य कोई छूट नहीं दिए जाएंगे. |
| (छ) | फोटो | आवेदन-प्रारूप में दिए गये स्थान पर पासपोर्ट आकार के हाल के एक फोटो (तीन माह से अधिक पुराना नहीं) चिपकाए जाने चाहिएं. इसके अतिरिक्त, आवेदन के साथ विधिवत स्व-सत्यापित (सामने) दो अतिरिक्त फोटो अलग से संलग्न किये जाने चाहिएं. |
| (ज) | निर्णायक तिथि | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि आयु सीमा निर्धारण की निर्णायक तिथि होगी. |
| (झ) | अंतिम तिथि | अंतिम तिथि 11 जुलाई, 2021 है। |

4. **परीक्षा की योजना :** चयन पूर्णतया योग्यता आधार पर किये जाएंगे. चयन प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार लिखित परीक्षा और कौशल/ शारीरिक/ प्रायोगिक/ टंकण परीक्षा होंगे. ग्रुप 'सी' के सभी पदों के चयन आवश्यकतानुसार कौशल/ शारीरिक/ प्रायोगिक/ टंकण परीक्षा में उतीर्ण करने पर केवल लिखित परीक्षा में आवेदकों द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर ही किये जाएंगे.

| प्रपत्र | विषय | प्रश्नों की सं. | अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| प्रपत्र-I | सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति (वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) | 25 | 25 | 2 घंटे |
| प्रपत्र-II | सामान्य जागरूकता (वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) | 50 | 50 | |
| प्रपत्र-III | सामान्य अंग्रेजी (वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) | 50 | 50 | |
| प्रपत्र-IV | संख्यात्मक अभिरुचि (वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) | 25 | 25 | |

**लिखित परीक्षा के प्रश्न-पत्र दो भाषाओं अंग्रेजी एवं हिन्दी में होंगे. फिर भी, अंग्रेजी भाषा के विषय के प्रश्न केवल अंग्रेजी मे होंगे.**

5. **परीक्षा की पाठ्य-सूची :**

**(क) सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति :** सभी प्रश्न 10वीं कक्षा मानदंड के होंगे, जिसमें गैर-मौखिक प्रकार के प्रश्न होंगे. परीक्षा में सादृश्यता, समानता और विभिन्नता, स्थान दृश्यता, समस्या समाधान विश्लेषण, निर्णय, निर्णय निर्माणी दृश्यक स्मृति, विभेदीकरण, पर्यवेक्षण, संबंध विचार, अंक वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या शृंखला, गैर-मौखिक शृंखला पर आधारित प्रश्न भी हो सकते हैं. परीक्षा में उम्मीदवारों के सारगर्भित विचारों और संकेतों के कार्य करने और उनके अंकगणितीय-संगणना के संबंध और अन्य विश्लेषणात्मक कार्यों की योग्यता की जांच करने के लिए निर्मित प्रश्न भी होंगे.

**(ख) सामान्य जागरूकता :** सभी प्रश्न 10वीं कक्षा मानदंड के होंगे. प्रश्नों को उनके आस-पास के पर्यावरण की सामान्य जागरूकता और समाज में इसके अनुप्रयोग की योग्यता की जांच करने के लिए तैयार किये जाएंगे. प्रश्नों को नवीनतम घटनाचक्रों और वैज्ञानिक पहलुओं में दिन-प्रतिदिन के पर्यवेक्षणों और अनुभव के मामलों की जानकारी की जांच करने के लिए भी तैयार किये जाएंगे, जैसा कि 10वीं कक्षा के किसी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जाती है. परीक्षा में भारत और इसके पड़ोसी देशों विशेषतया खेल, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, भारतीय संविधान और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित सामान्य राजव्यवस्था आदि से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे. ये सभी प्रश्न ऐसे होंगे कि उन्हें किसी विषय के विशेष अध्ययन की जरूरत नहीं होगी.

**(ग) अंग्रेजी भाषा :** सभी प्रश्न 10वीं कक्षा मानदंड के होंगे. उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा, इसके शब्द-भंडार, व्याकरण, वाक्य संरचना, समानार्थक, विपरीतार्थक और इसके सही उपयोग आदि की मूलभूत समझ और उनकी लेखन योग्यता की जांच की जाएगी.

**(घ) संख्यात्मक अभिरुचि :** इस प्रपत्र में संख्या प्रणाली, पूर्ण संख्याओं की संगणना, दशमलव और भिन्न तथा संख्याओं, मूलभूत अंकगणितीय प्रचालन, प्रतिशतता, अनुपात और समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ एवं हानि, छूट के बीच संबंध, टेबल और ग्राफ के उपयोग, ज्यामिति, समय और दूरी, रेशो और समय, समय और कार्य आदि से संबंधित कठिनाइयों पर आधारित प्रश्न होंगे.

6. **उम्मीदवारों/ आवेदकों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :**

**(क)** पात्र उम्मीदवारों को परीक्षा की तिथियों की जानकारी बाद में दी जाएगी.

**(ख)** किसी प्रकार के याभ/ दैभ नहीं दिए जाएंगे. शारीरिक और लिखित परीक्षा के कार्यक्रम लागू अनुसार बुलावा-पत्र में दिए जाएंगे. उम्मीदवार परीक्षा के दौरान अपने भोजन/ आवास की व्यवस्था स्वयं करेंगे.

**(ग)** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-I** में दिए गये प्रारूप में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.01.2019 के का.ज्ञा.सं. 36039/1/2019-स्था. (निवास) के प्वाइंट सं. 5

**(क्रमशः)**

के अंतर्गत निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे.

(घ) केंद्र/राज्य सरकारों/ साथेड में सेवारत उम्मीदवारों को अपनी स्थापना से प्राप्त प्रमाण-पत्र के साथ उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए कि उनके संदर्भ में कोई भी अनुशासनात्मक कारवाई विचाराधीन/लंबित नहीं है और यह कि चयन होने पर उन्हें कार्यमुक्त करने में कोई आपत्ति नहीं होगी. उपरोक्त विवरणों वाले **एनओसी** विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को या उसके बाद जारी किया होना चाहिए.

(च) 01 जनवरी 2004 को या उसके बाद सरकारी सेवा में आने वाले नये उम्मीदवारों को नई परिभाषित अंशदायी पेंशन प्रणाली (नई पेंशन योजना के रूप में जानी जाने वाली) द्वारा शासित किया जाएगा.

**(छ) कमांडेंट, एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी** डाक में हुए किसी प्रकार की देरी या प्राप्त नहीं होने पर उत्तरदायी नहीं होंगे.

**(ज) कमांडेंट, एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी** आवश्यक होने पर रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखते है.

(झ) विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक होने और सभी उम्मीदवारों की परीक्षा आयोजित करने में सुविधा या संभव नहीं होने पर कमांडेंट न्यूनतम निर्धारित अनिवार्य अर्हता या वांछनीय अर्हताओं या विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अर्हताओं से उच्चतर अर्हताओं में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता या अनुभव के आधार पर उचित सीमा तक उम्मीदवारों की संख्या कम करने का अधिकार रखते हैं. इसलिए, उम्मीदवारों को न्यूनतम अर्हता से अधिक और उससे ऊपर की सभी अर्हताओं को लिखना चाहिए और उसके समर्थन में प्रमाण-पत्रों की स्वसत्यापित प्रतियां संलग्न करनी चाहिएं.

(ट) उम्मीदवारों को लिफाफे के शीर्ष पर '.............................. **पद हेतु आवेदन** ' स्पष्ट अक्षरों में लिखना चाहिए. भूतपूर्व सैनिक और विकलांग उम्मीदवारों सहित आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को लिफाफे के बाएं कोने पर अपनी श्रेणी भी लिखनी चाहिए.

(ठ) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया होना चाहिए. कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र की स्वसत्यापित प्रति भी संलग्न करनी चाहिए.

(ड) भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत पदों हेतु आवेदन करने वाले भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को **परिशिष्ट-II** में दिए गए प्रारूप में एक वचनबद्धता भी देनी होगी.

(ढ) किसी आरक्षित पद के संदर्भ में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को **आरक्षित श्रेणी** से संबंधित अपने दावे के समर्थन में जाति प्रमाण-पत्र, विकलांगता प्रमाण-पत्र, अपिव होने पर गैर क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र आदि जैसे सहायक प्रलेखों को संलग्न करना चाहिए. आवेदन के साथ शैक्षिक **अर्हता/** तकनीकी अर्हता, अनुभव, जाति, जन्मतिथि, विकलांग व्यक्ति और भूतपूर्व सैनिक प्रमाण-पत्रों की केवल **स्वसत्यापित** प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए.

**(ण) आवेदन की निरस्ती/ रद्द करने के कारण :** अपूर्ण और अहस्ताक्षरित तथा बाएं/दाएं हाथ के अंगूठे के निशान के बिना या प्रमाण-पत्रों की स्वसत्यापित प्रतियों के साथ नहीं होने वाले आवेदनों या आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी में प्राप्त आवेदन या विधिवत स्वसत्यापित दो अतिरिक्त फोटो के बिना आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे और इस संदर्भ में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किये जाएंगे.

(त) आवेदन-पत्र अंग्रेजी या हिंदी में भरे जा सकते हैं.

(थ) उपरोक्त पदों हेतु आवेदन करने वाले अपिव उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-III** में दी गयी प्रारूप में एक वचनबद्धता भी देनी चाहिए.

(द) सेवारत और उपरोक्त पदों हेतु आवेदन करने वाले सेना/ नौ-सेना/ वायु सेना के सैनिकों को प्रभारी अधिकारी रिकॉर्ड द्वारा विधिवत स्वीकृत अपने रिकॉर्ड कार्यालय द्वारा जारी **'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' (एनओसी)** संलग्न करना चाहिए.

(ध) अनारक्षित पदों के संदर्भ में आवेदन करने वाले अजा/ अजजा और अपिव उम्मीदवारों को अजा/ अजजा और अपिव हेतु देय आयु में और अन्य छूट नहीं दिए जाएंगे.

(न) उपरोक्त पदों हेतु साक्षात्कार संचालित नहीं किये जाएंगे. लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए कौशल/ शारीरिक/ प्रायोगिक/ टंकण परीक्षा संचालित किए जाएंगे. अंतिम चयन आवश्यकतानुसार कौशल/ शारीरिक/ प्रायोगिक/ टंकण परीक्षाओं में उत्तीर्ण करने पर लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर ही किये जाएंगे. अवर श्रेणी लिपिक एवं स्टेनोग्राफर ग्रेड-II हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों द्वारा आवेदन-पत्र में संबंधित स्थान पर टंकण परीक्षा के माध्यम नहीं लिखने पर महाविद्यालय ऐसे उम्मीदवारों के टंकण परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी पर विचार करेगा और उम्मीदवारों को उन उम्मीदवारों के लिए टंकण परीक्षा के माध्यम में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी और उम्मीदवारों को बाद के चरणों में माध्यम में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(प) उपरोक्त पदों हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए अखिल भारतीय सेवा दायित्व लागू होंगे.

(फ) केवल चयन की मूलभूत शर्तों के पूरा करने मात्र से उम्मीदवार परीक्षा हेतु बुलाए जाने के हकदार स्वतः नहीं होंगे.

**(ब) लिखित परीक्षा और कौशल/ शारीरिक/ प्रायोगिक परीक्षाओं के केंद्र आवश्यकतानुसार केवल बंगलौर (कर्नाटक) में होंगे.**

**(भ) आयु के प्रमाण :** आयु निर्धारण के लिए मैट्रिक/ माध्यमिक विद्यालय परीक्षा प्रमाण-पत्र में दर्ज जन्मतिथि को ही एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी द्वारा स्वीकार किये जाएंगे और परिवर्तन के लिए पूर्ववर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किये जाएंगे.

**(म) आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले प्रलेख :** आवेदकों को अपने आवेदन के साथ सभी प्रमाण-पत्रों/ प्रलेखों की स्वसत्यापित पठनीय प्रतियां और शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव के बारे में अपने आवेदन-पत्र में दी गयी जानकारी जैसे प्राप्तांकों की प्रतिशतता (प्राप्त अंक/ अधिकतम अंक × 100) या सीजीपीए (सीजीपीए × 9.5 प्रतिशत) या ग्रेड ए - 90-100 प्रतिशत (न्यूनतम प्रतिशत की गिनती की जाएगी), सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त जाति/ श्रेणी [अजा/ अजजा/ अपिव/ शावि (पीडब्ल्यूडी)/ भू.पू.सै./ ईडब्ल्यूएस] के समर्थन में प्रमाण जमा करना चाहिए, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी सरसरी तौर पर या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में निरस्त किये जाने योग्य होगी.

**सभी आवेदकों हेतु चेतावनी :**

कुछ संदिग्ध व्यक्ति गैरकानूनी लालच देते हुए एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी, बंगलौर में आपको नियुक्ति दिलाने के आश्वासन सहित आपसे संपर्क कर सकते हैं. आपको ऐसे किसी असत्य आश्वासन या शोषण के सामने झुकना नहीं चाहिए और किसी भी तरीके से ऐसे व्यक्तियों पर विचार करना या उसे प्रोत्साहन देना नहीं चाहिए. इस पर बल दिया जाता है और पुनः आश्वस्त किया जाता है कि चयन परीक्षा और नियुक्ति पारदर्शी तरीके से केवल मेधा के आधार पर किये जाएंगे. लिखित/ शारीरिक परीक्षा पारदर्शी तरीके से लिए जाएंगे और चयन पूर्णतया आवेदक के मेधा के आधार पर किये जाएंगे.

**कमांडेंट**

**एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी**

## आवेदन-प्रारूप

विधिवत स्वसत्यापित पासपोर्ट आकार के हाल के फोटो

**सेवा में,**
**कमांडेंट**
**एएससी सेंटर (दक्षिणी)- 2 एटीसी**
**डाक : अग्रम, बंगलौर- 560007**

1. आवेदित पद : ..............................
2. उम्मीदवार के नाम (पूरा नाम) : ..............................
3. मोबाइल संख्या (कार्यरत) : ..............................
4. ई-मेल आईडी : ..............................
5. आधार सं. : ..............................
6. पिता का नाम : ..............................
7. जन्मतिथि (शैक्षिक प्रमाण-पत्र के अनुसार) : ..............................
8. **पत्राचार का पता**
   मकान सं./ गली/ ग्राम : ..............................
   डाकघर : ..............................
   जिला : ..............................
   राज्य : ..............................
   पिनकोड : ..............................
9. **स्थायी पता**
   मकान सं./ गली/ ग्राम : ..............................
   डाकघर : ..............................
   जिला : ..............................
   राज्य : ..............................
   पिनकोड : ..............................
10. शैक्षिक अर्हता : (मैट्रिक/ आईटीआई/डिप्लोमा/12वीं/ स्नातक/ स्नातकोत्तर) : ..............................
11. **शैक्षिक अर्हता :**

| क्रम सं. | अर्हता | विद्यालय/महाविद्यालय के नाम | बोर्ड/विश्व-विद्यालय के नाम | अंकों की प्रतिशतता | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

12. लिंग (पुरुष/ महिला/ अन्य) : ..............................
13. श्रेणी (अना/ अजा/ अजजा/ अपिव/ ईडब्ल्यूएस/ शावि/ भू.पू.सै./ एमएसपी) : ..............................
14. यदि भूतपूर्व सैनिक के पद हेतु आवेदन किया है, तो (सेना/ नौ-सेना/ वायु सेना में नामांकन की तिथि और सेवानिवृत्ति की तिथि तथा कार्यमुक्ति पंजी/ प्रमाण-पत्र/ एनसीओ की प्रति संलग्न करें) : ..............................
15. **शावि श्रेणी के पद हेतु आवेदन किया है, तो :**

| विकलांगता के प्रकार (अवि/ श्रवि/ दृवि/मानसिक बीमारी/ बहुविकलांगता) | विकलांगता की प्रतिशतता (40 प्रतिशत और उससे अधिक हेतु ओ पॉप-अप मेनू ) | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

16. क्या किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है (यदि हां, तो पंजीकरण सं. और रोजगार कार्यालय का नाम लिखें) : ..............................
17. क्या केंद्र सरकार की सेवाओं में सेवारत है : हां/ नहीं
   (यदि हां, तो निम्नांकित प्रारूप के अनुसार विवरण दें)

| नियोक्ता का नाम | कार्यालय का पता | पद का नाम | नियुक्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

18. एएससी डिपो/ इकाई का नाम, जहां चयन होने पर उम्मीदवार प्राथमिकता क्रम में पदस्थापित होना चाहते है :
   **(क) पहली पसंद** : ..............................
   **(ख) दूसरी पसंद** : ..............................
   **(ग) तीसरी पसंद** : ..............................

### घोषणा

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि आवेदन में प्रस्तुत उपरोक्त विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी तथा विश्वास में सही और सत्य है. मैं समझता हूं कि किसी भी चरण में किसी जानकारी के असत्य या गलत पाए जाने या विज्ञापन की अपेक्षाओं के अनुसार पात्रता शर्तों के पूरा नहीं करने पर मेरी उम्मीदवारी/ नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है. मैं कहीं भी सेवा करने के लिए इच्छुक हूं. मैं सहमत हूं कि विभाग मुझे भारत में कहीं भी स्थानांतरित करने का अधिकार रखता है.

तिथि : ..............

स्थान : .............. ..............................
(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

संलग्नक :

(i) स्वसत्यापित दो फोटो (फोटो के पीठ पर नाम एवं पिता का नाम लिखें).

(ii) उपयुक्त डाक टिकट विधिवत चिपके स्वपता लिखित एक पंजीकृत लिफाफा.

(iii) प्रमाण-पत्रों की स्वसत्यापित प्रतिया (        ) प्रतियाँ.

परिशिष्ट-I

.................... सरकार

(प्रमाण-पत्र जारीकर्ता प्राधिकारी का नाम एवं पता)

**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले आय एवं सम्पत्ति प्रमाण-पत्र**

प्रमाण-पत्र सं. .................... तिथि ....................

.............................................. वर्ष हेतु वैध

1. यह प्रमाणित है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..............., जो ..............., ग्राम/शहर .............. डाकघर .................... पिनकोड .................... के स्थायी निवासी .................... के पुत्र/ पुत्री/ पत्नी है,जिनके फोटो को सत्यापित किया गया है, जो आर्थिक रूप से कमजोर है, जिनके 'परिवार'** की कुल वार्षिक आय वित्तीय वर्ष

(क्रमशः)

(पृष्ठ 4 को शेष)

.................... के दौरान रु. 8 लाख (आठ लाख रुपए मात्र) से कम है. उनके परिवार के पास निम्नांकित में से कोई संपत्ति नहीं है या नहीं रखता है *** :

I. 5 एकड़ या उससे अधिक की कृषि भूमि.

II. 1000 स्कवायर फिट और उससे अधिक के आवासीय फ्लैट.

III. अधिसूचित नगरपालिकाओं में 100 स्कवायर यार्ड और उससे अधिक के आवासीय प्लाट.

IV. अधिसूचित नगरपालिकाओं के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में 200 स्कवायर यार्ड और उससे अधिक के आवासीय प्लाट.

2. श्री/ श्रीमती/ कुमारी ................................, जो ................................ जाति से संबंधित है, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (केन्द्रीय सूची) के रूप में मान्यताप्राप्त नहीं है.

हस्ताक्षर कार्यालय के मुहर सहित ....................

नाम ....................................

पद का नाम ................................

आवेदक के पासपोर्ट आकार के हाल के सत्यापित फोटो.

* टिप्पणी 1 : आय में सभी स्रोत अर्थात वेतन, कृषि, व्यापार, व्यवसाय आदि शामिल हैं.

** टिप्पणी 2 : कार्य हेतु शब्द 'परिवार' में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जो आरक्षण का लाभ चाहते हैं, उनके माता-पिता और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे और उनके पति-पत्नी तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे भी.

*** टिप्पणी 3 : विभिन्न स्थानों या विभिन्न स्थानों/ शहरों में किसी परिवार द्वारा धारित संपत्ति को ईडब्ल्यूएस के निर्धारण की जांच में भू-संपदा को आवेदन के समय एक साथ जोड़ा गया हो.

परिशिष्ट-II

## भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत सिविल पदों हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों द्वारा दी जाने वाली वचन बद्धता के प्रारूप

मैं समझता हूँ कि भर्ती/ परीक्षा के आधार पर चयन होने पर, जिससे यह आवेदन संबंधित है, मेरी नियुक्ति नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी की संतुष्टि के लिए प्रलेखीय प्रमाण प्रस्तुत करने पर की जाएगी कि मुझे सशस्त्र बलों से विधिवत कार्यमुक्त/ सेवानिवृत्त/ कार्य से मुक्त किया गया है और यह कि समय-समय पर यथासंशोधित भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सिविल सेवा और पदों में पुनर्नियोजन) नियम 1979 के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों को देयलाभों का हकदार हूंगा.

मैं यह भी समझता हूं कि यदि मैंने उस नियुक्ति से पहले किसी भी समय भूतपूर्व सैनिकों को देय रिक्तियों के आरक्षण में रियायत लेते हुए सिविल पद्य (सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/ स्वायत्त निकायों/ संवैधानिक निकायों, राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि सहित) में कोई नियोजन प्राप्त किया है, तो मैं इस परीक्षा द्वारा की गयी भर्ती के संदर्भ में भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित रिक्ति के लिए नियुक्त किये जाने के पात्र नहीं होऊंगा.

स्थान : ....................

तिथि : ....................

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

परिशिष्ट -III

## केवल अपिव उम्मीदवारों द्वारा घोषणा

### (सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त जाति प्रमाण-पत्र में समतुल्य पृष्ठांकन दिया होना चाहिए)

' मैं .................................... ग्राम/ शहर/ नगर ........................ जिला ........................ राज्य ........................ के निवासी श्री ........................ के पुत्र/ पुत्री/ पत्नी एतद्द्वारा घोषणा करता/ करती हूँ कि मैं ................................ समुदाय से संबंधित हूं, जो संबंधित राज्य हेतु लागू आदेशों के अनुसार सेवा में आरक्षण के उद्देश्य हेतु भारत सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यताप्राप्त है. यह भी घोषणा की जाती है कि मैं ऐसे व्यक्ति/ सेक्शन (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं हूं.

स्थान : ....................

तिथि : ....................

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

नाम ....................

## प्रवेश-पत्रक (दो प्रतियों में)

1. उम्मीदवार का नाम : ................................
2. पिता/ पति का नाम : ................................
3. जन्मतिथि : ................................
4. आवेदित पद : ................................
5. श्रेणी (अना/ अजा/ अजजा/ अपिव/ ईडब्ल्यूएस/ शावि) : ..............

आवेदक के हाल के पासपोर्ट आकार के सत्यापित फोटो

....................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

## प्रवेश-पत्रक (दो प्रतियों में)

1. उम्मीदवार का नाम : ................................
2. पिता/ पति का नाम : ................................
3. जन्मतिथि : ................................
4. आवेदित पद : ................................
5. श्रेणी (अना/ अजा/ अजजा/ अपिव/ ईडब्ल्यूएस/ शावि) : ..............

आवेदक के हाल के पासपोर्ट आकार के सत्यापित फोटो

....................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

---

(पृष्ठ 6 को शेष)

उम्मीदवार की पात्रता शर्तों का सत्यापन, उम्मीदवार द्वारा चरण-II/चरण-III के लिए अर्हता प्राप्त करने के बाद, मूल प्रलेखों के संदर्भ में करता है. संबंधित बोर्डों/विश्वविद्यालयों से प्रलेखों के सत्यापन के बाद जब तक भारतीय तटरक्षक औपचारिक रूप से उम्मीदवारों की सेवा में पुष्टि नहीं कर देता है, उसकी उम्मीदवारी अनंतिम रहेगी. पात्रता या अन्यथा उम्मीदवार के परीक्षा में प्रवेश के लिए भारतीय तटरक्षक का निर्णय अंतिम होगा.

(कग) परीक्षा के प्रशासन में कुछ ऐसी समस्याएं आने की संभावनाओं से पूरी तरह से इनकार नहीं किया जा सकता जिनका परीक्षा और/या परिणाम सृजित करने पर प्रभाव पड़े. ऐसी स्थिति में ऐसी समस्याओं का समाधान करने के प्रत्येक प्रयास किए जाएंगे, जिसमें उम्मीदवारों के आवागमन, परीक्षा में विलंब शामिल हो सकता है. पुनः परीक्षा का संचालन भारतीय तटरक्षक/परीक्षा संचालन निकाय के सम्पूर्ण विवेक पर किया जायेगा. उम्मीदवार पुनः परीक्षा का कोई दावा नहीं कर सकेंगे. परीक्षा की विलंबित प्रक्रिया में नहीं आने या अनिच्छुक उम्मीदवारों को प्रक्रिया से पूर्णतः अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(कघ) कृपया नोट कर लें कि उक्त विज्ञापन पर जारी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट **https://joinindiancoastguard.cdac.in** पर प्रकाशित किए जाएंगे और किसी भी शुद्धिपत्र के लिए उम्मीदवार वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें. यदि उम्मीदवार वेबसाइट पर जारी शुद्धिपत्र देखने या तदनुसार कार्रवाई करने या आवश्यक शुद्धिपत्र का पालन करने में असफल रहता है तो इसके लिए भारतीय तटरक्षक जिम्मेदार नहीं होगा.

(कङ) सीजीईपीटी 02/2021 के दौरान कदाचार में संलिप्त उम्मीदवारों को आवेदन करने की अनुमति नहीं है.

13. **यात्रा व्यय :** अजा/अजजा उम्मीदवार, जो केंद्रीय/राज्य सरकार में सेवारत नहीं हैं, को यदि गृह स्थान परीक्षा के स्थान (चरण-I) से 30 कि.मी. से अधिक की दूरी पर है, तो मूल यात्रा टिकट प्रस्तुत करने पर सबसे छोटे मार्ग से ट्रेन के साधारण द्वितीय श्रेणी किराये/सरकारी बस/स्टीमर प्रभारों की केंद्रीय सरकार के विनियमों के अनुसार प्रतिपूर्ति की जायेगी. अजा/अजजा के उम्मीदवार आईसीजी की वेबसाइट से यात्रा-फार्म डाउनलोड करें और भारतीय तटरक्षक को प्रस्तुत करें.

14. वेतन, पर्क्स एवं अन्य लाभ :

(क) **नाविक (सामान्य ड्यूटी) :** मूल वेतन रु. 21700/- (वेतन लेवल-3) तथा महंगाई भत्ता और प्रचलित विनियमों के अनुसार कार्य प्रकृति/तैनाती के स्थान के आधार पर अन्य भत्ते.

(ख) **नाविक (घरेलू शाखा) :** नाविक (घ.शा.) के लिए मूल वेतनमान रु. 21700/- (वेतन लेवल-3) है तथा महंगाई भत्ता और प्रचलित विनियमों के अनुसार कार्य प्रकृति/तैनाती के स्थान के आधार पर अन्य भत्ते.

(ग) **यांत्रिक :** मूल वेतन रु. 29200/- (वेतन लेवल-5). इसके अतिरिक्त, रु. 6200/- यांत्रिक वेतन दिया जाएगा तथा महंगाई भत्ता और प्रचलित विनियमों के अनुसार कार्य प्रकृति/तैनाती के स्थान के आधार पर अन्य भत्ते.

15. पदोन्नति और अनुलाभ :

(क) पदोन्नति के अवसर रु. 47600/- के वेतनमान (वेतन लेवल-8) तथा यांत्रिक वेतन रु. 6200/- एवं महंगाई भत्ते के साथ प्रधान अधिकारी/प्रधान सहायक इंजीनियर के रैंक तक है. अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति उपयुक्तता और कार्य-निष्पादन पर निर्भर है.

(ख) अन्य लाभ

(i) लागू नियमानुसार राशन और वर्दी. आश्रित माता-पिता सहित स्वयं और परिवार के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार.

(ii) सामान्य लाइसेंस शुल्क पर स्वयं और परिवार के लिए सरकारी आवास या सरकार द्वारा यथा अनुमोदित म.कि.भ.

(iii) हर वर्ष 45 दिनों का अर्जित अवकाश और 08 दिनों का आकस्मिक अवकाश साथ में स्वयं, परिवार ओर आश्रित माता-पिता के लिए सरकारी नियमानुसार अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी).

(iv) अंशदायी पेंशन योजना और सेवानिवृत्त पर उपदान.

(v) कैंटीन और विभिन्न ऋण सुविधाएं.

(vi) सेवानिवृत्ति के उपरांत ईसीएचएस चिकित्सा सुविधाएं.

(ग) **बीमा कवर :** नामांकित कार्मिकों के लिए 50/- लाख रु. का बीमा कवर (अंशदान पर).

**टिप्पणी :** वेतन, अनुलाभ, पदोन्नति, बीमा कवर और अन्य लाभ सरकारी आदेशानुसार परिवर्तन के अधीन हैं.

***विज्ञापन के हिंदी पाठ और पूर्ण अद्यतन जानकारी के लिए उम्मीदवार तटरक्षक भर्ती वेबसाइट https://joinindiancoastguard.cdac.in देखें.**

**चेतावनी :** भारतीय तटरक्षक में चयन निष्पक्ष और केवल मैरिट के आधार पर होता है. उम्मीदवारों को ऐसे धोखेबाज तत्वों के बहकावे में नहीं आना चाहिये जो स्वयं को भर्ती एजेंट के तौर पर पेश करते हैं. ऐसे व्यक्तियों/एजेंटों के विरुद्ध शिकायत के लिये उम्मीदवार को निदेशक (भर्ती) तटरक्षक मुख्यालय, भर्ती केंद्र, नोएडा से टेलीफोन नं.- 0120-2975817 पर सम्पर्क करना चाहिए.

**स्पष्टीकरण**

विज्ञापन में दिए गए निबंधन एवं शर्तें केवल दिशानिर्देश है और भर्ती प्रक्रिया के दौरान सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित जारी आदेश लागू होंगे.

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख : 16 जुलाई, 2021 (1800 बजे)**

ऑनलाइन आवेदन के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें

# रोजगार के अवसर

(संक्षिप्त जानकारी)

**एनसीपीओआर**
पद – प्रोजेक्ट साइंटिस्ट व अन्य पद
संख्या – कुल 85 पद
अंतिम तिथि – 15 जुलाई, 2021
https://ncpor.res.in/

**केआइओसीएल लिमिटेड**
पद – ऑफिसर ट्रेनी
पद संख्या – कुल 18 पद
अंतिम तिथि – 9 जुलाई, 2021
www.kioclltd.in/user/cms/134

**एनसीईएसएस**
पद – लैबोरेट्री असिस्टेंट आदि
पद संख्या – कुल 51 पद
अंतिम तिथि – 7 जुलाई, 2021
https://www.ncess.gov.in/

**आरआरकेट**
पद – टेड अप्रेंटिस
पद संख्या – कुल 20 पद
अंतिम तिथि – 12 जुलाई, 2021
https://www.rrcat.gov.in/

**बेसिल**
पद – एडिटर आदि
पद संख्या – कुल 10 पद
अंतिम तिथि – 7 जुलाई, 2021
www.becil.com

**एनएचपीसी लिमिटेड**
पद – ट्रेनी अप्रेंटिस
पद संख्या – कुल 11 पद
अंतिम तिथि – 15 जुलाई, 2021
www.nhpcindia.com

**आरपीएससी**
पद – प्रधानाध्यापक
पद संख्या – कुल 83 पद
अंतिम तिथि – 13 जुलाई, 2021
http://rpsc.rajasthan.gov.in/

**माझगांव डॉक**
पद – पैरामेडिक्स व अन्य
पद संख्या – कुल 1388 पद
अंतिम तिथि – 4 जुलाई, 2021
https://mazagondock.in/

(पृष्ठ 1 का शेष)

### डिमांड एंड सप्लाई

इंश्योरेंस पेशेवरी की मांग आजकल काफी ज्यादा है। स्टेटिस्टिक्स के अनुसार दुनिया की केवल 34 प्रतिशत जनसंख्या तक इंश्योरेंस पेशेवरों ने अपनी पहुँच बनाई है जिसका एक अर्थ यह है कि अभी भी 66 प्रतिशत को लेकर काफी संभावनाएं मौजूद है। इसलिए, मुख्य रूप से सप्लाई की तुलना में डिमांड काफी ज्यादा है। लेकिन केवल बिजनेस की काबिलियत और विषय के प्रति रूचि रखने वाले लोगों की जरूरत है। जैसेकि लोग कहते है, **"इंश्योरेंस प्रलोभन देने की सिफारिश करने का विषय है"** इसलिए, अगर पॉलिसीज और सिस्टम्स उचित और सही हों तो इस फील्ड के हस्तेमाल से काफी रेवेन्यु प्राप्त किया जा सकता है।

### बाजार पर नज़र

पिछले कुल वर्षों में, कई मशहूर कंपनियाँ जैसेकि मैक्स न्यू यॉर्क, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड, बजाज आलियांज, टाटा एआईजी और अन्य कम्पनियों ने बायर्स को आकर्षित करने के लिए कई नयी पॉलिसीज पेश की हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय फोकस

इंश्योरेंस किसी भी व्यक्ति के धन, एसेट्स, लाइफ और संपत्तियों को सुरक्षित रखने का एक बहुत ही लोकप्रिय तरीका है। विकसित देशों जैसेकि ,अमरीका और इंग्लैड में यह सेक्टर काफी विश्वसनीय और सिस्टमेटिक है। भारत में, इन सिस्टम्स का अभी विकास हो रहा है और अभी इन्हें पूरी तरह महत्वपूर्ण बनने में समय लगेगा। एलआईसी (लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडियन लि.) और जीआईसी (जनरल इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लि.) जैसी कंपनीज काफी विश्वसनीय कंपनियों में से 2 मशहूर कम्पनियां है। इनके अलावा, सभी प्राइवेट कम्पनियां इंश्योरेंस रेगुलेटरी डवलपमेंट अथॉरिटी (आईआरडीए) एक्ट के तहत काम करती है।

## सकारात्मक/नकारात्मक पहलू

### सकारात्मक पहलू

- इंडस्ट्री का विकास काफी तेजी से हो रहा है। बढ़िया पीपल स्किल्स और सेलिंग स्किल्स वाले लोगों के लिए कार्य अवसर दिन-पर-दिन बढ़ते जा रहे है।
- आने वाले कुछ वर्षों में इंडस्ट्री का सम्पूर्ण विकास अपने चरम पर पहुंच जाएगा। स्टूडेंट्स और अन्य लोगों के लिए इंश्योरेंस सेक्टर भावी करियर के तौर पर देखा जा रहा है।
- पुणे में एनआईए जैसे कई प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट हैं जो स्टूडेंट्स को इंश्योरेंस में बेहतरीन कोर्सेज ऑफर करते है। इसके अलावा, बिरला स्कूल्स औनर आईसीएफएआई जैसे इंस्टीट्यूट्स स्टूडेंट्स के लिए रेगुलर और डिस्टेंस एजुकेशन दोनों में ही विभिन्न कोर्सेज ऑफर करते है।

### नकारात्मक पहलू

- लोगों को विभिन्न इंश्योरेंस पॉलिसीज खरीदने के लिए मनाने के लिए स्टूडेंट्स या इंश्योरेंस प्रोफेशनल्स को अपनी बात समझाने के लिए बहुत बढ़िया स्किल्स होने चाहियें। कभी-कभी, यह नापसंद भी किया जा सकता हैं।
- इस बिजनेस में कई कंपनिया दिन-ब-दिन शामिल हो रहीं हैं। उदाहरण के लिए, अभी हाल ही में रिलायंस कंपनी ने इस इंश्योरेंस के बिजनेस में कदम रखा हैं। इस कारण, बहुत बार किसी संगठन की विश्वसनीयता के संबंध में भरोसा करना काफी मुश्किल हो जाता है।

### विभिन्न भूमिकाएं / विभिन्न नाम

- इंश्योरेंस को विभिन्न नामों के तहत बेचा जा सकता हैं लेकिन अंतिम रूप से इसका उद्देश्य एक्सीडेंट्स, चोरी या प्राकृतिक आपदाओं जैसी विभिन्न अनहोनियों से किसी व्यक्ति या परिवार को सुरक्षित करना होता है। विभिन्न प्रकार की इंश्योरेंस पॉलिसीज में लाइफ इंश्योरेंस, हेल्थ मेडीक्लेम इंश्योरेंस, होम इंश्योरेंस और व्हीकल इंश्योरेंस आदि को शामिल किया जा सकता है।

### टॉप कंपनीज

- जॉब फ्रंट पर, रैंडम स्टैटिस्टिकल इनफॉर्मेशन के आधार पर, भारत की टॉप 10 कम्पनियां निम्नलिखित है :-

लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडियन लि. (एल.आई.सी.), बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई प्रडेशियल लाइफ इंश्योरेंस, बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, इफको टोक्यों जनरल इंश्योरेंस, आरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी और एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफइंश्योरेंस।

### जॉब प्राप्त करने के लिए जरूरी टिप्स

इंश्योरेंस में अपनी ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करने के बाद आप किसी इंश्योरेंस प्रोफेशनल के तौर पर जॉब प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित टिप्स फॉलो कर सकते है :-

- जॉब ओपनिंग्स के लिए बढ़िया इंश्योरेंस कंपनीज की वेबसाईट्स समय-समय पर चेक करते रहें और उचित जॉब के लिए अप्लाई कर दें।
- अपनी दोस्ती और जान पहचान का दायरा काफी बढ़ायें ताकि भविष्य में इंश्योरेंस डील्स के लिए बातचीत करने के लिए आपको उन लोगों से रेफरेंस प्राप्त हो सकें।
- सेलिंग स्किल्स, बिजनेस एटिकेट और बिजनेस कम्युनिकेशन के संबंध में सभी जरूरी किताबें पढ़ें।
- लेटेस्ट वर्ल्ड इंश्योरेंस परिवेश और उन नयी स्ट्रेटजीज से अपडेटेड रहें जिन्हें अपनाया जा रहा है।
- इंश्योरेंस पॉलिसीज में लागू किये जा सकने वाले आईआरडीए द्वारा बनाये जा रहे विभिन्न लॉज और रेगुलेशन्स तथा आगामी संशोधन से अपडेटेड रहें।

टॉप फाइनेंस कंपनीज और उनके स्टॉक एक्सचेंज स्टेटस से अपडेटेड रहें ताकि आप उनके अनुरूप अपनी इंश्योरेंस सेलिंग्स और बातचीत/ नेगोशिएशन कर सकें।

लेखक रोजगार कार्यालय, अलवर में अति. प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत है।

### वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। – संपादक

### सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। – सम्पादक

**राजस्थान रोजगार संदेश**
मुख्य सम्पादक
महेश शर्मा
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर
मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
हरी राम बडगूजर
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
ई-मेल: adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in

स्वत्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक सहायक निदेशक(प्रकाशन) द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन- 0141-3981148 (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-हरी राम बडगूजर